

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
MPHIN/2021/83938
नई सोच नई पहल
ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 303 | ग्वालियर, गुरुवार 24 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## न्यूज ट्रैक

### गुजरात एचसी ने अदालती कार्यवाही में गुजराती के उपयोग का आग्रह करने वाली जनहित याचिका खारिज की




**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने अदालती कार्यवाही में अंग्रेजी के साथ गुजराती को शामिल करने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया है। मंगलवार को आए कोर्ट के फैसले से इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में विचार-विमर्श का रास्ता साफ हो गया है। जनहित याचिका में हाईकोर्ट को 2012 के गवर्नर प्राधिकरण पर कार्रवाई करने के लिए बाध्य करने की मांग की गई थी, जिसने सुनवाई के दौरान स्थानीय भाषा के उपयोग की अनुमित दी। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध माई की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया, इसे पीआईएल के नाम पर पूरी तरह से गलत याचिका करार दिया। पीठ ने आगे कहा कि जनहित याचिका भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) द्वारा दी गई प्रशासनिक सलाह को चुनौती देने का एक प्रयास था। जनहित याचिका में अक्टूबर 2012 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले का संदर्भ भी चिंता का विषय था। उस बैठक के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक जैसे कई राज्यों के उच्च न्यायालयों में गुजराती सहित क्षेत्रीय भाषाओं को पेश करने के प्रस्तावों को खारिज कर दिया था। पीठ ने स्पष्ट किया कि तत्कालीन सीजेआई ने 16 अक्टूबर, 2012 को एक आधिकारिक पत्र के माध्यम से केंद्र सरकार को शीर्ष अदालत के सामूहिक निर्णय के बारे में सूचित किया था। इस पत्राचार में सावधानीपूर्वक विचार के बाद प्रस्ताव को अपनाने के खिलाफ अदालत के फैसले का विवरण दिया गया। सरकार ने बाद में इस निर्णय का पालन किया। इस बात पर जोर देते हुए कि मामला उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर है, पीठ ने कहा कि इसका एकमात्र उपाय सुप्रीम कोर्ट के पास है। विशेष रूप से, पिछले साल गुजरात हाईकोर्ट अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष के अनुरोध के कारण कानूनी समुदाय के भीतर उथल-पुथल देखी गई थी, जिसमें अदालती कार्यवाही में स्थानीय भाषा को शामिल करने का आग्रह किया गया था। इस अनुरोध के कारण अंततः उन्हें पद से इस्तीफा देना पड़ा।

### दो विमानों को एक ही समय पर उड़ान भरने और उतरने की अनुमति मिलने से बड़ा हादसा टला




**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह एक बड़ी दुर्घटना बाल-बाल बच गई। बताया जाता है कि विस्तारा एयरलाइंस के एक विमान को उड़ान भरने की मंजूरी दी गई। जबकि, दूसरा विमान लैंडिंग की प्रक्रिया में था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के निर्देशों के बाद टेक-ऑफ को तुरंत रद्द कर दिया गया। सूत्रों ने कहा कि यह घटना दिल्ली से बागडोगरा जा रही फ्लाइट यूके725 से जुड़ी है। सूत्रों के मुताबिक ÷जब घटना की सूचना मिली तब सुबह लगभग 8¬30 बजे थे। दोनों विस्तारा की उड़ानें थीं। उड़ान यूके725 को एटीसी ने आगे बढ़ने की अनुमति दे दी थी। लेकिन, एक महिला पायलट द्वारा संचालित एक अन्य उड़ान ने लैंडिंग के रास्ते में देखा कि समानांतर उड़ान भरने के लिए फ्लाइट तैयार हो रही थी। सूत्रों ने कहा,÷उसने (महिला पायलट) एटीसी को सूचित किया। इसके बावजूद फ्लाइट यूके725 के पायलट को एटीसी ने उड़ान भरने के लिए आगे बढ़ने की अनुमति दी। लेकिन, उसने इनकार कर दिया और इंजन में ईंधन भरने और नियमित जांच के लिए विमान को मोड़ दिया। इस संबंध में बार-बार कॉल और मैसेज के बावजूद एयरपोर्ट अधिकारियों की ओर से कोई जवाब नहीं आया।

### मिजोरम में निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरने से 26 लोगों की मौत



**आइजोल।** मिजोरम के पहाड़ी सैरांग इलाके के पास बुधवार को एक निर्माणाधीन रेलवे पुल ढह जाने से कम से कम 26 श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। रेलवे और पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अब तक 22 शव बरामद किए जा चुके हैं। ढही हुई स्टील संरचना के नीचे से शेष चार शवों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। मिजोरम की राजधानी आइजोल से 10 किमी दूर बैराबी (दक्षिणी असम के पास) को सैरांग से जोड़ने वाले कुरुंग नदी पर रेलवे पुल निर्माणाधीन था। दुर्घटनास्थल आइजोल से करीब 21 किमी दूर है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर), जो 51.38 किलोमीटर लंबी रेलवे परियोजना को लागू कर रहा है, ने चिकित्सा सहायता के साथ रिकवरी प्रोसेस के लिए कई चिकित्सक और इंजीनियरिंग टीमों को भेजा है।

# मंदिर से मस्जिद तक, गुरुद्वारों से गांगा किनारे तक हम होंगे कामयाब के गूंज रहे नारे

**नई दिल्ली।** मिशन चंद्रयान-3 पर भारत ही नहीं दुनिया भर के वैज्ञानिकों के साथ-साथ आम लोगों की नजरें टिकी हुई हैं. जैसे-जैसे चंद्रयान की लैंडिग का समय करीब-आ रहा है. वैसे-वैसे लोगों की धड़कने भी बढ़ती जा रही हैं. देश के कोने-कोने से हर तबके के लोग %मून मिशन% के सफल होने की कामना कर रहे हैं. हर को मिशन मून की सफलता के लिए भारत समेत दुनिया के कई देशों में पूजा-अर्चना की गई है. भारत के मंदिरों में पूजा पाठ, गुरुद्वारों में अरदास और मस्जिदों में दुआओं का सिलसिला जारी है. सुबह से ही काशी, मथुरा और हरिद्वार में हवन-पूजन किया जा रहा है. वहीं, तमिलनाडु के रामेश्वरम मंदिर में शिव की अराधना की गई. पुणे के सिद्धिविनायक मंदिर में ने लोगों ने पूजा अर्चना की. मिशन मून की सफलता के लिए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज दिल्ली के बंगला साहब गुरुद्वारा में मत्था टेका और सफलता की कामना की. वहीं, ओडिशा के भुवनेश्वर में मुस्लिमों ने नवाज अता कर मिशन मून की सफलता की कामना की. इसके अलावा प्रयागराज में स्कूली बच्चों ने रेत पर चांद की




तस्वीर उकरेकर हम होंगे कामयाब की कामना की. भारत समेत पूरी दुनिया की नजर इस समय चांद पर टिकी हुई हैं. अब से कुछ ही देर बाद यानी 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान-3 चांद की दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करेगा. चंद्रयान चांद की सतह पर उतरने में कामयाब होने के बाद अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की ओर से ये बड़ी छलांग होगी. अगर मिशन मून सफल हो जाएगा तो भारत इकलौता देश होगा जो इस हिस्से पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफल होगा. चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शाम 5 बजकर 20 मिनट से इसरो की वेबसाइट, यूट्यूब चैनल और डीडी नेशनल पर शुरू हो जाएगा. जैसे ही चांद की सतह पर विक्रम लैंडर लैंड करेगा कि उसका एक साइट पैनल कवर हो जाएगा. इसके बाद प्रज्ञान रोवर छह पहियों के जरिए बाहर आएगा और इसरो से कमांड मिलने के बाद चांद की साउथ पोल पर आगे बढ़ेगा. इसरो की मानें तो 30 किलोमीटर की ऊंचाई से चंद्रयान-3 का लैंडर चांद की दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करेगा. चांद की सतह तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया में 17 मिनट 21 सेकेंड का समय लगेगा. ये सबसे महत्वपूर्ण समय होगा. क्योंकि चंद्रयान-3 के लैंडर को इस वक्त खुद से ही आगे बढ़ना होगा. इस दौरान वैज्ञानिकों की ओर से कोई कमांड नहीं दिया जाएगा. यानी आखिरी पलों में लैंडर के लिए गलती की कोई गुंजाइश नहीं हो सकती.

## लुधियाना की सरकारी स्कूल में टीचर्स पर गिरा लेंटर, एक की मौत

**नई दिल्ली।** दर्दनाक हादसा खबर पंजाब से है, जहां एक सरकारी स्कूल में भयानक हादसा पेश आया. जहां स्कूल का लिंटर अचानक भरभराकर नीचे गिर गया. हादसे के वक्त मौके पर मौजूद चार टीचर मलबे में दब गए. खबर है कि मामले में एक महिला टीचर की मौत हो गई, जबकि चार अन्य टीचर की हालात गंभीर बताई जा रही है. मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है. एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची है. फिलहाल स्कूल को चारों ओर से सील कर दिया गया है। दरअसल ये हादसा पंजाब के लुधियाना जिले में स्थित बद्दोवाल क्षेत्र में पेश आया, जब बुधवार को दोपहर करीब सभी शिक्षक स्कूल के एक कमरे में बैठकर लंच कर रहे थे. इस बीच अजानक स्कूल की छत से जोरदार आवाज आई, इससे पहले की कोई कुछ कर पाता एकाएक स्कूल के कमरे की लेंटर भरभराकर नीचे गिर गई. हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया.




**बेहद भयानक तस्वीर**-मालूम चला कि हादसे में चार टीचर लेंटर के मलबे में दब गए. फौरन मामले की इत्तला पुलिस स्थानीय पुलिस की दी गई, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा. घटनास्थल की तस्वीर बेहद ही भयानक नजर आ रही थी. बेतहाशा तबाही के मंजर के बीच, फौरन राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया. एसडीआरएफ की टीम को भी फौरन मौके पर बुलाया गया. इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद, मलबे में दबे चार टीचर्स को बाहर निकाला गया, जिसके फौरन बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. यहां टीम ने घटना के मद्देनजर स्कूल को फौरन चारो ओर से सील कर दिया. कुछ देर बाद खबर आई कि, अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला टीचर की मौत हो गई है, जबकि तीन का गंभीर हालत में इलाज जारी है. गौरतलब है कि सरकारी स्कूल की ये इमारत करीब 60 साल पुरानी है. साल 1960 में इसका निर्माण कराया गया था.

### चंद्रमा पर अगर आज नहीं हुई चंद्रयान-3 की लैंडिंग तो क्या करेगा इसरो

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 बुधवार शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रमा की सतह पर लैंड करेगा. इसरो के साथ हर किसी को उम्मीद है कि चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करने में सफल हो जाएगा. बावजूद इसके अगर किसी तकनीकी कमी के चलते चंद्रयान-3 लैंड नहीं कर पाता तो इसके लिए भी इसरो ने विकल्प तैयार रखे हैं. इसरो चीफ एस. सोमनाथ ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा था कि इस बात की संभावना बहुत कम है कि चंद्रयान-3 अपने निर्धारित तारीख और समय 23 अगस्त, शाम 6¬04 बजे चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग से चूक जाए. इसके साथ ही इसरो अध्यक्ष ने दावा किया कि चंद्रयान-2 के साथ जो गलत हुआ, उसे ध्यान में रखते हुए चंद्रयान-3 को फेल-सेफ मैनर के साथ विकसित किया गया है. एस. सोमनाथ ने कहा था कि भले ही चंद्रयान-3 के सारे सेंसर फेल हो जाएं, दोनों इंजन बंद हो जाएं, तब भी विक्रम चांद की सतह पर लैंडिंग कर लेगा. यही नहीं उन्होंने ये भी कहा था कि अगर इसके बाद भी कोई चूक हो जाए तो क्या होगा। इसके विकल्पों के बारे में उन्होंने जानकारी दी थी.

### बधाई हो भारत! इस पाकिस्तानी पूर्व मंत्री के बयान से दहला दुश्मन देश



**नई दिल्ली।** चंद्रयान पर बेचैन पाकिस्तान! खबर भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान से है, जहां चंद्रयान लैंडिंग की खबर ने कोहराम मचा दिया है. दरअसल पाकिस्तान के पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी, जो इमरान खान की सरकार में बतौर मंत्री तैनात थे, उन्होंने फिलहाल पाकिस्तान को एक जोरदार नसीहत दे डाली है. उनके मुताबिक देश की मीडिया को चंद्रयान-3 लैंडिंग कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करना चाहिए. न सिर्फ इतना, बल्कि उन्होंने भारत देश के गौरव चंद्रयान-3 को मानव जाति के लिए ऐतिहासिक क्षण करार दिया है। दरअसल पाकिस्तान सरकार में पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने चंद्रयान-3 पर एक हालिया बयान दिया है, उन्होंने प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर करते हुए भारतीय वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष समुदाय को इसके लिए खूब बधाई दी है. साथ ही चंद्रयान-3 की चांद पर लैंडिंक को ऐतिहासिक क्षण बताते हुए, पाकिस्तान की मीडिया को इस पूरे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करने की सलाह दी है. फवाद चौधरी ने मंगलवार को पर पोस्ट करते हुए कहा कि, पाक मीडिया को कल शाम 6¬15 बजे चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर लैंडिंग को लाइव दिखाना चाहिए। ये मानव जाति के लिए ऐतिहासिक क्षण है. भारतीय के लोगों, वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष समुदाय को बहुत-बहुत बधाई। पाकिस्तान के पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी के इस पोस्ट के बाद, सोशल मीडिया पर बवाल मचा हुआ है. दोनों देशों के यूजर्स इसपर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं साझा कर रहे हैं. कुछ का कहना है कि फवाद चौधरी ने बिल्कुल सही कहा, जबकि दूसरे उन्हें गलत करार दे रहे हैं.

## सीएम ममता ने 29 अगस्त को बंगाल राज्य दिवस पर सर्वदलीय बैठक बुलाई

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पोइला बोइशाख (बंगाली नव वर्ष) के अवसर पर पश्चिम बंगाल के लिए राज्य दिवस मनाने पर चर्चा के लिए 29 अगस्त को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। राज्य मंत्रिमंडल के एक सदस्य ने इसकी पुष्टि की कि बैठक शाम 4.30 बजे नबन्ना के राज्य सचिवालय में बुलाई गई है। हालांकि, विपक्षी भाजपा ने प्रस्तावित सर्वदलीय बैठक की आलोचना की है और कहा है कि यह राज्य के इतिहास को विकृत करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है। पश्चिम बंगाल में भाजपा के राज्य प्रवक्ता



समिक भट्टाचार्य ने कहा कि जनता उन ताकतों को खारिज कर देगी जो राज्य के इतिहास को विकृत करने की कोशिश कर रहे हैं। बंगाली नववर्ष दिवस और पश्चिम बंगाल के राज्यत्व दिवस के साथ कोई संबंध नहीं है। भट्टाचार्य के बयान से संकेत मिलता है कि भाजपा प्रस्तावित सर्वदलीय बैठक में अपने प्रतिनिधियों को भेजने से परहेज करेगी। भाजपा 20 जून को पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस मनाना पसंद करती है। इस साल राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा उस दिन गवर्नर हाउस परिसर में पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस मनाने के बाद राज्य सरकार और राजभवन के बीच तनातनी हो गई थी।

### प्रेशर पाइप फटने से ब्लास्ट, दो की गई जान, एक घायल

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 81 में एक फैक्ट्री के अंदर प्रेशर पाइप फटने से दो श्रमिकों की काम के दौरान मौत हो गई है और एक श्रमिक बुरी तरीके से घायल हो गया है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये घटना नोएडा के थाना फेज 2 इलाके में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 22 अगस्त की शाम को थाना फेस 2 क्षेत्र में शाम 4:00 बजे यूनाइटेड ड्रिलिंग टूल्स प्राइवेट लिमिटेड, सी-41 सेक्टर 81, में काम करते समय प्रेशर पाइप फटने से 3 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनमें से मनोज कुमार और ईश्वर दत्त शर्मा की मौत हो गई। इस घटना में राजवीर सिंह घायल हो गए। जिनका इलाज यथार्थ अस्पताल सेक्टर 110 नोएडा में चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यूनाइटेड ड्रिलिंग टूल्स प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी में एक मैनेजर और दो श्रमिक प्रेशर पाइप को चेक कर रहे थे। उसी दौरान हादसा हुआ।

## हिमाचल में बारिश से हुई तबाही को प्राकृतिक आपदा घोषित करें पीएम मोदीः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने केदारनाथ त्रासदी और गुजरात के भुज भूकंप का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी से मांग की है कि वह हिमाचल प्रदेश में बारिश और भूस्खलन से मची तबाही को प्राकृतिक आपदा घोषित करते हुए 10,000 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा करें। पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि बारिश और भूस्खलन के कारण हिमाचल प्रदेश में जिस तरह की तबाही हुई है, उस पर उचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में हमने ऐसी तबाही नहीं देखी है। उन्होंने कहा कि अब तक 330 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 35 लापता हैं। यहां तक कि 12,000 से ज्यादा घर नष्ट हो गए हैं और 13,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान होने का अनुमान है। उन्होंने यह भी कहा कि भूस्खलन के कारण कई राजमार्ग बह गये हैं। शुक्ला ने कहा कि हम मांग करते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अभूतपूर्व स्थिति के लिए इसे प्राकृतिक आपदा घोषित करना चाहिए, क्योंकि हिमाचल में ऐसा कभी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा जिस तरह से केदारनाथ आपदा और गुजरात के भुज में भूकंप के लिए पैकेज दिया गया था, वैसे ही हम केंद्र से मांग करते हैं कि वह हिमाचल प्रदेश के लिए भी 10,000 करोड़ रुपये का पैकेज जारी करे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को केंद्र से 200 करोड़ रुपये मिले हैं और हम सब जानते हैं कि किस तरह की तबाही हुई है। मैं लोगों से भी अपील करता हूं कि वे आगे आएं और राज्य के पुनर्निर्माण के लिए दान करें। उन्होंने कहा कि मैं लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से भी अपील करता हूं कि वे सांसदों को एमपीएलएडी फंड के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के लिए दान देने की अनुमति दें, जैसे कि भुज भूकंप के दौरान दी गई थी। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि केंद्र की दो टीमों ने हिमाचल प्रदेश का दौरा किया था और उन्होंने वहां की स्थिति का आकलन किया है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी राज्य में सड़क क्षति का जायजा लिया था। उन्हें राज्य के लिए कुछ पैकेज की घोषणा भी करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक की कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकारों ने हिमाचल प्रदेश को सहायता दी है और अन्य राज्यों को भी पहाड़ी राज्य की मदद के लिए आगे आना चाहिए। पहाड़ी राज्य में हुए नुकसान का हवाला देते हुए राजीव शुक्ला ने बताया कि चाहे ऊपरी हिमाचल हो या निचला हिमाचल, दोनों में तबाही मची है। उन्होंने कहा कि 75,000 से अधिक पर्यटक और 17,000 वाहन फंसे हुए थे, जिन्हें राज्य सरकार ने बाहर निकाला। लाहौल स्पीति में 4,000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर 300 से अधिक पर्यटक फंसे हुए थे, उन्हें भी राज्य सरकार ने बचाया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बचाव कार्यों की निगरानी के लिए चौबीसों घंटे डेरा डाले रहे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले 7 से 15 जुलाई के बीच और फिर 10 से 14 अगस्त के बीच बारिश हुई और वह अभी भी जारी है। पहले ऊपरी हिमाचल बचा था, लेकिन अब उस क्षेत्र में भी भारी बारिश और नुकसान हो रहा है। यह सेब का मौसम है लेकिन उन्हें लाने के लिए कोई सड़क नहीं है।



# स्नेह एवं प्रेम की प्रतिमूर्ति होती है नारीः साध्वी रंजना दीदी

## स्नेह यात्रा के आठवें दिवस जन समूह में दिखा उत्साह

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** नारी शक्ति में लोगों को जोड़ने एवं प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी होती है। नारी समाज को जोड़ने का कार्य करती है, इसीलिए नारी को महान माना जाता है।



हमारे सनातन धर्म में जोड़ना सिखाया गया है, इसलिए इस स्नेह यात्रा के माध्यम से हम समाज को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उक्त विचार पूज्य साध्वी रंजना दीदी द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में मध्य प्रदेश शासन की मंशानुसार निकाली जा रही स्नेह यात्रा के आठवें दिवस जनसंवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए।

स्नेह यात्रा के आज शिवपुरी विकासखंड के नगरीय क्षेत्र कठ मई, करौंदी, घोसीपुरा, मनिहर एवं फतेहपुर तथा ग्रामीण क्षेत्र रातोर, पिपरसमा, कुशियारा एवं चौकी तथा बिलोकलां में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान लोगों में अपार उत्साह देखा गया। समाज के विभिन्न वर्गों में आपसी समन्वय एवं परस्पर स्नेह की भावना को जागृत करने एवं जात-पात, उच्च नीच का भेद मिटाने हेतु यह यात्रा आज अपने आठवें दिवस में प्रवेश कर रही है। यात्रा का समापन विकासखंड बदरवास में 26 अगस्त को किया जाएगा। यह यात्रा समाज के नीचे के पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी सम्मान के साथ जोड़ने का कार्य कर रही है। इस यात्रा में महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा पूरे उत्साह एवं प्रेम से सहभागिता की जा रही है। महिलाओं द्वारा संकीर्तन कर एवं ग्राम में भ्रमण संपर्क कर यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। आज के दिन यात्रा में संभाग समन्वयक ग्वालियर सुशील बरुआ, विकासखंड समन्वयक शिशुपाल सिंह जादौन, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि अशोक शर्मा, वीरेंद्र रावत, चंदन सिंह धाकड़, धीरेंद्र राजपूत, मेंटर्स केशव शर्मा, पदमा शिवहरे, वीरेन शर्मा, सलोनी शर्मा, आकाश रावत, मुकेश शाक्य, भूरा जाटव, प्रस्फुटन समिति प्रतिनिधि विनोद कुमार धाकड़, ममता जाटव, महेश रावत, हेमंत रावत, राजेश रावत सहित बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष एवं ग्रामीण जनों द्वारा सहभागिता की गई।

# प्रदेश सरकार ने बीमारू राज्य कहे जाने वाले मध्यप्रदेश को एक विकसित राज्य बनायाः राज्यमंत्री दर्जा प्रह्लाद भारती

## जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रदाय की स्कूटी

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- मानस भवन शिवपुरी में जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के मुख्य आतिथ्य में शिवपुरी जिले के 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले 126 छात्र-छात्राओं को स्कूटी का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर, शा.उ.वि. के प्राचार्य विवेक श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके पालक उपस्थित थे।



राज्यमंत्री मंत्री दर्जा प्रहलाद भारती ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बीमारू राज्य कहे जाने वाले मध्यप्रदेश को एक विकसित राज्य बनाया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण एवं स्कूटी वितरण का जो कार्य किया जा रहा है, वह बहुत ही अतुलनीय है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सपने छोटे नहीं बल्कि बड़े देखें, स्वामी विवेकानंद की राह पर मेहनत करते रहे। हर चीज संभव है, मेहनत से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। हमारा देश विश्व में हर क्षेत्र में आगे बड़ रहा है। श्री भारती ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया जो छात्र-छात्राओं को समर्पित था। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य की चिंता करते है, ठीक उसी प्रकार मुख्यमंत्री संपूर्ण प्रदेश के छात्र-छात्राओं के लिए कार्य कर रहे है। प्रदेश सहित जिले में भी प्रसव सहायता, लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, पुस्तक वितरण स्कूटी वितरण का उत्कृष्ट कार्यो के साथ-साथ आयुष्मान का लाभ, आवास, छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, इंजीनियर, डॉक्टर आदि फीस शिक्षा के लिए प्रदान करने जैसे प्रमुख कार्य किए जा रहे है। मुख्यमंत्री प्रदेश के बहनों को 1 हजार रूपए प्रतिमाह प्रदाय कर महिलाओं को सशक्त बना रहे है। इस मौके पर अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा भी वक्तव्य प्रस्तुत कर अपने अनुभव साझा किए गए। जिसमें शा मॉडल स्कूल पिछोर की छात्रा अनामिका श्रीवास्तव ने स्कूटी मिलने पर मंच से अपने अनुभव साझा किये और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया।



# नेशनल लोक अदालत की बैठक एवं मोटर दवा दुर्घटना अधिनियम पर कार्यशाला

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश अनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय दीपक गुप्ता के निर्देशन में 9 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में आज अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एडीआर भवन में जिला न्यायाधीश अर्चना सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर मोटर दुर्घटना अधिनियम में हुए नवीन संशोधन के संबंध में कार्यशाला भी आयोजित की गई। बीमा कंपनी की अधिवक्ता दिलीप गोयल ने मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम में हुए नवीन संशोधन विशेष कर अध्याय 11 और 12 में उल्लेखित प्रावधानों एवं प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए जैसे ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता, नाबालिक के द्वारा वाहन न चलने के संबंध में, धारा 161 के तहत मारकर भाग जाने वाले वाहनों से होने वाले पीड़ित पक्षकार को प्रतिकर के संबंध में, बिना हेलमेट के वहां चलाए जाने के संबंध में, दावा अधिकरण की अधिकारिक आदि के संबंध में विस्तृत रूप से बताया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेंद्र कुमार चड़ार, जिला अभिभाषाक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र समाधिया, अधिवक्ता आरसी पौराणिक, वीरेंद्र शर्मा, दीवान सिंह रावत, अंकुर चतुर्वेदी, दीपक गुप्ता, गुरदीप कुशवाहा, कुमारी प्रिंसी सोनी, श्रेय शर्मा, श्रीमती मीनाक्षी सिसोदिया, अंकित जैन, विवेक जैन, रोहित दुबे, गोपाल सिंह लोधी, आकाश जाटव, अजय कुमार शाक्य, दीपेश दुबे, नमित बाथम, रीना राठौर, ब्रजमोहन राठौर, हिरदेश राठौर, विकास सिंघल, सुनील कुशवाह, मंजीत जाटव, रविंद्र चतुर्वेदी, विमल वर्मा, कु.योग्यता झा, सुरेश कुमार प्रजापति सहित अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 25 अगस्त को

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 25 अगस्त को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी के नवीन भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल के क्रमांक 03 में दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देश दिए है कि चयनित एवं नियुक्त जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को उक्त प्रशिक्षण में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 अगस्त को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी में प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक विधानसभा क्षेत्र करैरा एवं पिछोर के मास्टर ट्रेनर्स को तथा द्वितीय पाली दोपहर 02 बजे से शाम 5 बजे तक विधानसभा क्षेत्र पोहरी, शिवपुरी एवं कोलारस के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# एकीकृत बाल विकास विभाग बरई में मतदान जागरूकता रैली निकाल कर मतदाता को किया जागरूक



एकीकृत बाल विकास विभाग गिर्द में परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में सेक्टर बरई एवम नौगांव में 2 अगस्त से 31 अगस्त तक स्लीप पाना के तहत मतदान कर्तायो को जागरूक करने के लिए ग्राम बरई और नौगांव रैली निकाली गई जिसमे ग्राम की किशोरी बालिकाओं और लाडली बहनाओ ने भागीदारी रही । साथ ही जनपद पंचायत बरई में 21/08/2023 एवम नौगांव में 22/08/2023 को एकीकृत बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक लक्ष्मी तोमर के द्वारा लाडली बहना सेना के प्रभारी और सह प्रभारी एवम समन्वयक को शासन की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी की गई। कार्यक्रम में एकीकृत बाल विकास विभाग गिर्द से परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा,पर्यवेक्षक लक्ष्मी तोमर ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन से अनिल मिश्रा और सभी आंगनवाडी कार्यकर्ताएं, मीडिया प्रभारी रहीश खान आदि शामिल थे।

## विधवा महिला से मारपीट गाली गलौज एंव प्रताड़ित करने का मामला

# पीड़िता ने राज्य महिला आयोग, एसडीएम, पुलिस को आवेदन देकर लगाई थी न्याय की गुहार

## पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज, पुलिस ने किया गिरफ्तार अब दे रहा है जान से मारने की धमकी

**महेंद्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**रायसेनसिलवानी।** सिलवानी नगर के वार्ड 13 में प्रताड़ित महिला पूना प्रजापति ने अपने भाई और भाभी पर मकान पर जबरन कब्जा करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से लगाई थी न्याय की गुहार,पुलिस ने जांच कर आरोपी भाई कस्तूर और भाभी ममता के खिलाफ किया प्रकरण दर्ज पूनाबाई प्रजापति अपने पिता हरिराम प्रजापति के साथ आजाद मार्केट स्थित पुस्तैनी मकान मे अपनी बहन की बेटिया और अपने माता पिता के साथ लगभग 25 वर्षो से रह रही थी।जहा पिछले वर्ष अगस्त मे पिता हरिराम प्रजापति की मृत्यु के बाद से वह अपनी छोटी



बहन के बेटियो के साथ रह रही थी। पिता की मृत्यु के बाद से ही उसके भाई कस्तूर प्रजापति ने उसके हिस्से के मकान कर जबरन कब्जा करना शुरू कर दिया।और फिर तभी से पीडिता के भाई और भाभी द्वारा निरंतर घर से भगाने का प्रयास किया जा रहा था,जो की पीडित महिला गंभीर रूप से बीमार होने के कारण चलने फिरने मे भी असमर्थ है जिसे आय दिन मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है। उसके भाई और भाभी द्वारा उससे मारपीट एंव गाली-गलौज की जाती है। पिछले दिनो उसके भाई द्वारा महिला के कमरे का उसका विघुत कनेक्शन काटकर दिया गया और पानी की सप्लाई भी बंद कर उसके कमरे की दीवार भी तोड दी गई। इसके बाद से ही महिला को अपने साथ किसी अप्रिय (जान माल) घटना का भी डर सताने लगा है।जब जाकर पीड़ित महिला ने राज्य महिला आयोग, एसडीएम, एसडीओपी, सहित पुलिस थाना सिलवानी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी।जिसके बाद पुलिस ने जांच कर आरोपियो के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही कर कोर्ट मे पेश किया गया। इसके बाद भाई और बौखला गया अब पूना बाई का कहना है अब भाई जान से मारने की धमकी दे रहा है शासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है

# शा.म. लक्ष्मीबाई कन्या उमावि. की हेल्थ केयर की छात्राओं ने किया जिला चिकित्सालय का भ्रमण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




भिण्ड । बुधवार 23 अगस्त को शासकीय एमएलबी कन्या विद्यालय की छात्राओं ने एक दिवसीय जिला चिकित्सालय में किया शैक्षणिक भृमण कार्यक्रम हेल्थकेयर विषय के माध्यम से किया उसमें छात्राओं को स्वस्थ्य से संबंधित अनेक प्रकार की जानकारी से परिचित हुई और हॉस्पिटल मै उन्होंने वल्ड बैंक और ट्राम सेंडर मे पहुंचकर जानकारीयों से रूबरू हुई। इस भृमण कार्यक्रम मे करीव 46 छात्राओं ने भाग लिया । इस भृमण कार्यक्रम मे शैलेन्द्र सिंह परमार प्रोग्राम मैनेजर (सम्पूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम) ने बच्चियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध दी 7 इस एक दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से बच्चियों के अंदर उत्साह और उमंग देखने को मिली। यह भृमण कार्यक्रम के संरक्षक प्रभारी प्राचार्य श्रीमती स्नेहलता भदौरिया हेल्थ केयर की मैडम श्रीमती मीनू सोनी और सौरभ बघेल शिक्षक एवं छात्राएं संध्या,खुशी, शीतल, साक्षी, प्रिया, दीक्षा, सेजल, मुस्कान, सविता, स्नेहा, सिमरन, पूजा, पूजा कुमारी,शिवानी,रमन कुमारी और आयुषी आदि उपस्थित रही।

# सीएम हैल्प लाईन शिकायतों के निराकरण में भिण्ड जिले का अब तक का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## विगत एक साल में निराकरण का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

### माह जुलाई- 2023 की शिकायतों के निराकरण में ग्वालियर चम्बल जोन में प्रथम स्थान पर, जिलेवार ग्रेडिंग में बेटेज के आधार पर 85.91 प्रतिशत के साथ 04 वें स्थान पर

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं उनकी टीम द्वारा प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत सम्पर्क कर सीएम हेल्प लाईन शिकायतों का निराकरण कराया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रदेश में चलायी जा रही, बहुआयामी योजना सीएम हेल्प लाईन न. 181 के तहत समस्त सहकारी विभागों में आमजन को समय पर सहायता ना मिलने की स्थितियों में आमजन सीधे सीएम हेल्पलाईन न. 181 पर शिकायत कर अपनी समस्या बता सकता है। उक्त शिकायतकर्ता के द्वारा की गयी शिकायत को सम्बन्धित विभाग को स्थानान्तरित कर उसके जल्द से जल्द निकाल हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा परिवेक्षण किया जाता है। इसी प्रकार पुलिस से सम्बन्धित शिकायतों का पूरा लेखा-जोखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रखा जाता है जिसमें भिण्ड पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं उनकी टीम द्वारा प्रत्येक शिकायत का बारीकी से अवलोकन किया गया।

**साथ ही प्रत्येक शिकायतकर्ता से सम्पर्क कराया जाकर उनके द्वारा बतायी गयी समस्याओं का तत्काल**-निराकरण कराया गया जिसके परिणाम स्वरुप जिला भिण्ड माह जुलाई-2023 के निराकरण में प्रदेश में 04 वें स्थान पर (85.91 प्रतिशत) आया है जो जिला भिण्ड का विगत 01 वर्ष के निराकरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है इसी क्रम में माह जुलाई- 2023 में दर्ज की गई शिकायतों का सन्तुष्टी पूर्वक निराकरण 53.84 प्रतिशत रहा है। लगातार सुधार करते हुये ग्वालियर चम्बल संभाग के जिलों में (जुलाई-2023 में दर्ज की गई शिकायतों में) सन्तुष्टी के प्रतिशत में प्रथम स्थान पर है। उक्त उपलब्धी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को प्रशंसा से एवं समस्त थाना प्रभारी / थानों में उक्त कार्य हेतु पदस्थ कर्मचारियों तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शिकायत शाखा में पदस्थ कर्मचारियों को 500 रुपये के नगद पुरष्कार से पुरुष्कृत किया है।

# समरसता के साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का भी संदेश दे रही है स्नेह यात्रा

## ग्रामवासी और विद्यार्थी जान रहे हैं योग और ध्यान ज्ञान का महत्व





**स्नेह यात्रा आठवें दिन**
**महेंद्र शर्मा संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर जिले के डबरा विकासखंड में पूज्य संतों के सान्निध्य में स्नेह यात्रा समरसता के साथ-साथ स्वास्थ्य एवंस्वच्छता का भी संदेश दे रही है। यात्रा के आगमन से पहले ही गाँव-गाँव में मुनादी हो जाती है। उत्सुकता से लोग स्नेह यात्रा दल की प्रतीक्षा करते हैं। यात्रा के आने से पहले बस्ती को खूब साफ-सुथरा कर लिया जाता है।स्नेह यात्रा अंतिम चरण में भितरवार विकासखंड में जाएगी, मध्यप्रदेशजन-अभियान-परिषद, योग आयोग, पतंजलि योग समिति, गायत्री परिवार, श्री रामचंद्र मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 16 अगस्त से शुरू हुई स्नेह यात्रा 26 अगस्त तक प्रवासरत रहेगी।

**सहभागी संगठन हैं अभिभूत**-यात्रा के लिए मप्र जन अभियान परिषद नोडल एजेंसी है। सहभागी के रूप में अखिल विश्व गायत्री परिवार, रामचंद्र मिशन, योग आयोग संस्थान, पतंजलि योग पीठ एवं आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास हैं। पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य श्री जयदयाल शर्मा बताते हैं कि यह ऐतिहासिक है, ऐसा पहले नहीं हुआ। लोगों का उत्साह और उमंग संतजन को भी आश्चर्यचकित कर दे रहा है। यह हमारी गतिविधियों का स्थायी हिस्सा बनना चाहिए। गायत्री परिवार बलवीर सिंह परिहार कहते हैं कि यह परिवार की मूल भावना से मेल खाता हुआ कार्यक्रम है। । योग आयोग के श्री दिनेश चाकणकर जिला योग प्रभारी का मानना है कि संस्थाओं के समन्वय से यात्रा में एक नया उत्साह आया है। सभी सहभागी संगठन को अपनी अवधारणा और कार्यक्रम के बहुत निकट पाते हैं और उसमें बढ़-चढ़ कर सहयोग कर रहे हैं।

**निरंतर बढ़ रही है सहभागिता**-स्नेह यात्रा के दिन जैसे-जैसे बढ़ते जा रहे हैं वैसे-वैसे जन-समुदाय की सहभागिता भी बढ़ती जा रही है। पूरक जन-संवादों में जहाँ 100-150 की संख्या जुटती है वहीं दोपहर और शाम को होने वाले सत्संग और सहभोज में 300 से 400 लोग जुट रहे हैं। शाम के समरसता भोज में पूरा गाँव इकट्ठा होकर जन-सहभागिता से संग्रहीत सामग्री से भंडारे में सहभागी बनता है। स्नेह यात्रा ऊँच-नीच का भेदभाव मिटाकर समरसता की नई पहचान बन रही है। अभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेंद्र दीक्षित बताते हैं कि जिले में अब तक 86 ग्रामों में आयोजित जनसंवादों में 30000 से भी अधिक ग्रामवासी और विद्यार्थी उपस्थित हुए हैं।

**ग्रामवासी और विद्यार्थी जान रहे हैं योग और ध्यान ज्ञान का महत्व**-स्नेह यात्रा में यात्रा के प्रारंभ स्थल ग्राम वासियों एवं विद्यार्थियों को जिला योग प्रभारी एवं योग प्रभारी द्वारा योग एवं ध्यान कराया जाता है । गुजरात से पधारे स्वामी मुदितवदनानंद जी ने कहा कि योग के द्वारा ही हमारा तन एवं मन शुद्ध होता है। जब हम प्रतिदिन योगाभ्यास क रेंगे तो हमारे हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और बुद्धि का निवास होता है।

# भाजपा के इशारे पर लहार प्रशासन कर रहा है काम : राजकुमार शर्मा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** लोकतंत्र की हत्या कर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के इशारे पर अलोकतांत्रिक तरीके से कार्य करने के विरोध में लहार कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा जी के नेतृत्व में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ लहार एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा गया। लहार कांग्रेस कार्यालय से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए लहार एसडीएम कार्यालय तक नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, नगर पालिका के उपाध्यक्ष नरेश सिंह चौहान, देवेंद्र त्रिपाठी,अनुरुद्ध प्रताप सिंह जनपद अध्यक्ष मोंटी राजावत मौजूद रहे।

**ज्ञापन के मुख्य बिंदु**-1. यह कि विधान सभा क्षेत्र लहार जिला भिण्ड सहित सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में लोकतंत्र की हत्या कर तानाशाही तरीके से प्रशासनिक अधिकारियों को भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कराया जा रहा है। और सभी प्रशानिक अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के दबाब में अनेतिक व अलोकतांत्रिक कार्य कर रहे है। 2. यह कि दिनांक 20.08.2023 को उत्तर प्रदेश बदलापुर विधायक रमेशचन्द्र मिश्रा जो भारतीय जनता पार्टी द्वारा चुनाव कार्य हेतु लहार भेजे गया। उनके द्वारा अवकाश दिन को विधानसभा क्षेत्र लहार के समस्त राजस्व, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों को विश्राम गृह पर बुलाया और बगैर अधिकार के विधायक सतीशचन्द्र मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों के समक्ष जिसमें प्रमुख रूप से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार व अन्य प्रशानिक अधिकारी उपस्थित थे। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में चुनाव वावत् चर्चा की जो स्पष्ट रूप से प्रजातंत्र का गला घोटना है।

3. यह कि पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रीगण झूठी घोषणायें कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे है। और सरकारी मशीनरी व सरकारी धन का दुरूपयोग कर रहे है। जबकि भाजपा के द्वारा विधानसभा निर्वाचन हेतु अपने उम्मीदवारों की एक सूची जारी कर दी है। यद्यपि आचार सहिता प्रभावी नहीं है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने प्रत्याशीयो की सूची जारी कर घोषित प्रत्याशियों को साथ मे लेकर झूठी घोषणायें की जा रही है। जिससे लोकतंत्र प्रभावित हो रहा है। अतः उक्त मांगपत्र प्रस्तुत कर निवेदन हैं कि दिनांक 20/08/2023 को जिस प्रकार से अलोकतांत्रिक तरीके से भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में प्रशानिक अधिकारियों के द्वारा किये गये कार्य के लिये कठोर कार्यवाही की जावें। इस प्रकार के कार्य की पुर्नावृति न हो इसके लिये कार्यवाही की जावें,वरना हम कांग्रेसजन को अहिंसात्मक तरीके से बड़ा आंदोलन करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा।

# प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बड़ने की मिलती है प्रेरणा : राज्यमंत्री श्री भदौरिया

## अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी निष्ठा व लग्न से पड़ाई करें - विधायक संजीव सिंह, जिले के 72 स्कूलों के 137 मेघावी छात्रों को मिली ई-स्कूटी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से बच्चों को भविष्य में और अच्छा करने तथा आगे बड़ने की प्रेरणा मिलती है। राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया आईटीआई परिसर भिण्ड में आयोजित ई-स्कूटी वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में या किसी क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उन्हें अवसर और उचित मंच उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में ज्ञान, उचित आचरण और तकनीकी दक्षता, शिक्षण और विद्या प्राप्ति के तत्व समाहित होते हैं।

छात्रों से कहा की जीवन में सफलता के लिए बेहतर शिक्षा जरूरी है। शिक्षा की आवश्यकता आज समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को है। पड़-लिखकर ही व्यक्ति समाज में अपना बेहतर स्थान बनता है । उन्होंने प्रतिभाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया।

क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने कहा कि सम्मान उसी व्यक्ति को दिया जाता है, जो समाज के लिए कुछ करता है। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी निष्ठा व लग्न से पड़ाई करना होगी। ऐसा करने से निश्चित रूप से सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के उद्देश्य के पीछे कल्याण भी छिपा हुआ है। अगर तुम विद्वान हो गए और शिक्षा किसी को नहीं दी, तो इस शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों में आगे बड़ने की लालसा उत्पन्न होती है। और अपने परिवार समाज क्षेत्र का नाम रोशन करने में पूरी उर्जा लगाते हैं। नई प्रतिभाओं को बेहतर




भविष्य का दिशा मार्गदर्शन के साथ-साथ संसाधनों की पूर्ति में भी सहयोग करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है, जो हमें अंधेरा से प्रकाश की ओर ले जाता है। कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में आगे बड़ने के लिए अपनी सोच में बदलाव भी जरूरी है। सकारात्मक विचार रखकर आगे बड़े सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने छात्रों को कहा कि अपनी अंदर की खामी को दूर कर लो तुम से अच्छा कोई नहीं है। शिक्षा से हम बोलना, पड़ना, लिखना सीखते हैं। जिस दिन इसका उद्देश्य जान जाओगे, उस दिन अपने जीवन में कुछ बन सकते हो। आईटीआई परिसर भिण्ड में आयोजित टॉपर छात्र-छात्राओं को स्कूटी वितरण कार्यक्रम अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्कूल अकोड़ा की छात्रा कु. खुशी बाथम, हवलदार सिंह का पुरा नुन्हाटा स्कूल के छात्र श्री बलराम सिंह, सीएम राइज स्कूल कनावर की छात्रा कु. शालिनी भदौरिया सहित उपस्थित अन्य छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा कर अपने मामा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को हृदय से धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शहडोल में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम में 7800 टॉपर छात्र-छात्राओं को स्कूटी के लिए राशि वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आईटीआई परिसर भिण्ड में देखा एवं सुना जा रहा है।

# दो दिवसीय सामाजिक अधिवेशन एवं कैरियर कॉउंसिल कार्यक्रम बेंगलुरु में

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा**



बेंगलुरु/ चेत बंदे हिंदी मासिक पत्रिका के तत्वावधान में दो दिवसीय सामाजिक अधिवेशन एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम 26 एवं 27 अगस्त को सीरवी सेवा संघ ट्रस्ट लिंगराजपुरम, बेंगलुरु में आयोजित होगा। आई पंथ के धर्मगुरु दीवान माधव सिंहजी के पावन सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कानाराम चोयल निदेशक, शिक्षा विभाग, राजस्थान मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में सुनील सीरवी आईएएस, विनोद सीरवी आईआरएस, धर्मेंद्र सीरवी आईईएस, सीआर चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष एलन कैरियर इंस्टिट्यूट विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इस ऐतिहासिक तथा अनूठे आयोजन में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा होगी। सीरवी समाज के विभिन्न बडेरों के अध्यक्ष/सचिव सहित कई अधिकारी, युवा, महिलाएं, समाज चिंतक समाज के नवनिर्माण को लेकर चिंतन-मंथन करेंगे। रविवार 27 अगस्त को नौ वीं कक्षा से आगे के विद्यार्थियों के लिए कैरियर कांउसलिंग कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी छात्र जीवन से जुड़ी समस्याएं तथा उनका समाधान को लेकर जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस आयोजन में धर्मगुरु एवं मुख्य अतिथि सहित विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। यह दो दिवसीय कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक दो सत्रों में आयोजित होगा। ये जानकारी चेत बंदे पत्रिका के संपादक प्रेम किशोर बर्फा द्वारा दी गई।

# शस्त्र धारी को निवास स्थान परिवर्तन होने पर लाइसेंस रिकार्ड में इंद्राज कराना अनिवार्य

## अन्य राज्यो और जिलों से जारी लाइसेंस होने की जानकारी देना होंगी, जिला दंडाधिकारी ने आदेश जारी किए

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भण्ड । जिला दण्डाधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर कहा है कि भिण्ड जिले में लायसेंसी शस्त्रों की संख्या अधिक है इसके अतिरिक्त जिला भिण्ड में अन्य राज्यों से जारी लायसेंसी शस्त्रों की भी अधिकता है, परंतु ऐसे लायसेंसी शस्त्रों का इन्द्राज लायसेंस धारी द्वारा नहीं कराया गया है तथा लायसेंसधारी द्वारा उक्त शस्त्रों का उपयोग एवं प्रदर्शन किया जाता है जो कि शस्त्र लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने का द्योतक हैं। आयुद्ध नियम 2016 के अनुसार यदि कोई व्यक्ति प्रारूप-3 में अनुज्ञप्ति रखता है निवास स्थान में परिवर्तन, स्थायी या छः मास से अधिक की अवधि के लिये अस्थायी रूप में करता है और अनुज्ञप्ति के अधीन आयुध को अपने साथ वहन करता है जो अनुज्ञप्ति में दर्शित विद्यमान अनुज्ञापन प्राधिकारी की अधिकारिता से भिन्न किसी अन्य स्थान में आता है, वह छः मास की अवधि के समाप्त होने के तत्काल पूर्व अपने नए निवास स्थान को अनुज्ञापन प्राधिकारी को ऐसे परिवर्तन की सूचना भेजेगा और मांगने पर उसके साथ अनुज्ञप्ति को प्रस्तुत करेगा तथा प्रारूप ख- 1 में नए आयुध या आयुधों के लिए नई अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करेगा और उसमें अपने नए निवास की विशिष्टियों को दर्शित करेगा। ऐसे समस्त अन्य जिले / राज्यों से जारी लायसेंसी शस्त्र धारकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने लायसेंसी शस्त्रों की जानकारी जिला दण्डाधिकारी कार्यालय एवं संबंधित थाना प्रभारी के यहां अविलम्ब प्रस्तुत करें। वांछित जानकारी प्रस्तुत न किये जाने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

# कांग्रेस संगठन मंत्रियों की बैठक हुई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** शहर में ऊषा कॉलोनी पर जिले के समस्त ब्लॉक संगठन मंत्री की बैठक आयोजित की गई जिसमें मतदाता सूची पुण्य निरीक्षण के संबंध में संगठन मंत्रियों से जानकारी चाही गई की मंडलम अध्यक्ष,सेक्टर प्रभारी बीएल मतदाता सूची पुन निरीक्षण पर पूरी ईमानदारी से कार्य कर रहे कि नहीं ब्लॉक संगठन मंत्रियों ने मीटिंग में आश्वासन दिया की मतदाता सूची निरीक्षण पर कर पूरी ईमानदारी से किया जा रहा है मीटिंग में मुख्य रूप से उपस्थित जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद जिले के ब्लॉकों से आए संगठन मंत्री ने अपने सुझाव दिए की 2023 में विधानसभा चुनाव पार्टी को सफल कैसे बनाएंगे यह भी चर्चा आपस में हुई बहुत जल्दी जिले के समस्त ब्लॉक संगठन मंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में जिले के संबंध में कमलनाथ जी से मुलाकात करेंगे बैठक में देव सिंह गुर्जर, भारत सिंह जाटव, रामेश्वर दयाल वर्मा, राजेंद्र सिंह नरवरिया, चांद मोहम्मद, अहिबरन सिंह बघेल, अजब सिंह गुर्जर, गिरदावर सिंह बघेल, सुधीर सिंह जाटव आदि लोग शामिल हुए।

# कोठी तहसीलदार श्री कमलेश सिंह भदोरिया ग्राम पंचायत नचनौरा पहुंचकर सुनी ग्रामीणों की समस्या

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



सतना जिले के ग्राम पंचायत नचनौरा में आज कोठी तहसीलदार कमलेश सिंह भदोरिया ग्राम पंचायत पहुंचकर ग्रामीण जनों की समस्या को सुनकर तत्काल ही उन समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया भूमि परिवार बीपीएल परिवार के लिए तहसीलदार साहब ने आश्वासन दिया है की जो भी पत्र होंगे उन्हें बीपीएल एवं भूमिहीन के लिए जमीन दी जाएगी साथ ही साथ ग्राम पंचायत नचनौरा के ग्राम मरवा में विद्यालय के आसपास अतिक्रमण है उसे एक हफ्ते में अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा है तहसीलदार साहब के साथ-साथ ग्राम पंचायत नचनौरा के सरपंच सचिव रोजगार सहायक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे कोठी तहसीलदार कमलेश सिंह भदोरिया का बहुत ही सरायनी कार्य है तहसीलदार साहब ने कहा है कि मेरे यहां चाहे बरसाना हो या बटवारा हो कोई पेंडिंग नहीं रहेगा

# साइबर सेल की टीम ठगी के शिकार युवक को वापस दिलाई रकम

मुरैना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ऑनलाइन पेमेंट के चक्कर में ठगी का शिकार हुए युवक को साइबर सेल की टीम ने अपने प्रयासों से अज्ञात कॉलर से एक लख रुपए की रकम वापस दिलाने में सफलता प्राप्त की है। बताया जाता है कि फरियादी रणवीर सिंह निवासी थाना सिविल लाइन मुरैना द्वारा जिला सायबर सेल में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उसके द्वारा एक कटर खरीदने के लिए राजस्थान संपर्क किया गया था। उस दुकानदार का नंबर डायल करते समय हुई त्रुटि का अज्ञात कॉलर द्वारा फायदा उठाकर अपने आपको कटर दुकान का मालिक बताकर 01 लाख रुपये फोन- पे के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए, जब फरियादी अपना कटर लेने दुकान पर राजस्थान पंहुचा, तब असल दुकानदार द्वारा फरियादी को बताया गया कि उसे कोई भी धनराशि फरियादी की तरफ से प्राप्त नहीं हुई है, तब फरियादी को ज्ञात हुआ कि उसके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है। उक्त क्रम में सायबर सेल मुरैना द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अज्ञात कॉलर के खाते में रुपये होल्ड कराकर फरियादी को उसके 01 लाख रुपये वापस कराये गए। उक्त कार्यवाही में प्रभारी सायबर सेल उप निरीक्षक अभिषेक जादौन, उप निरीक्षक विवेक शर्मा प्र. आर. सुदेश कुमार, आर. राहुल सिंह राजावत, रवि कुशवाह, रामकिशन जादौन, कुलदीप सिंह भदौरिया, प्रशांत शर्मा एवं शैलेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# पिता की हत्या करने वाले आरोपी पुत्र को आजीवन कारावास

मुरैना। जिले के जौरा थाना क्षेत्र के भवनपुरा गांव में एक वर्ष पूर्व घरेलू रंजिश के चलते पिता की हत्या करने वाले आरोपी पुत्र योगेंद्र सिंह उर्फ पप्पन 32 वर्ष को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश जौरा मानवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा धारा 302 भारतीय दण्ड विधान के अंतर्गत सश्रम आजीवन कारावास तथा पांच हजार रुपये का जुर्माना का दंडादेश पारित किया है। अभियोजन की ओर से पक्ष अतिरिक्त लोक अभियोजक अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया है। अभियोजन के अनुसार 11 मार्च 2022 की सुबह 9-15 बजे मृतक राजकुमार सिंह ग्राम भवनपुरा में मकान बनवा रहे थे, तब आरोपी पुत्र योगेन्द्र सिंह आया तथा आपसी घर की रंजिश को लेकर पिता मृतक राजकुमार सिंह को गंदी-गंदी गालियां देने लगा, गालियां देने से मना किया तो आरोपी योगेन्द्र सिंह ने कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से राजकुमार सिंह के सिर में, गले में, हाथ में दो जगह मारी, एक दाहिनी पैर की पिंडलियां पर सहित कई घातक प्रहार किए। घटना के समय मृतक के अन्य पुत्र सत्यम सिंह तथा आशीष ने आकर अपने पिता को बचाया और मुरैना जिला अस्पताल लेकर आए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट सत्यम सिंह द्वारा जौरा थाने में दर्ज कराई गई, जिस पर से पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था।

**कमलनाथ की जनक क्रॉस रैली के लिए तैयारी अंतिम चरण में, सभा को सफल बनाने में जुटे कांग्रेसी-**

मुरैना। 25 अगस्त 2023 शुक्रवार को पचासा मैदान अंबाह में होने जा रही पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की विशाल जन आक्रोश रैली को सफल बनाने की तैयारी में कांग्रेस जुट गई है तथा रैली की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विज्ञप्ति में कहा गया है कि धनबल से बनी मध्य प्रदेश की भ्रष्ट भाजपा सरकार की पोल खोलने एवं भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ हूँकार भरने एवं मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही पांच बड़ी सौगातो जैसे 500 रूपए में घरेलू गैस सिलेंडर दियाजावेगा, प्रत्येक महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह मिलेंगे, किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे, 100 यूनिट बिजली फ्री व 200 यूनिट बिजली हाफ एवं पुरानी पेंशन योजना लागू की जावेगी आदि योजनाओं की सौगात देने के लिए 25 अगस्त 2023 शुक्रवार को पचासा मैदान अंबाह में आयोजित विशाल जन आक्रोश रैली को संबोधित करने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमलनाथ उपस्थित रहेंगे। सुबह 9 बजे सर्व प्रथम जिले भर के पत्रकार साथियों के साथ पत्रकार वार्ता में चर्चा करेंगे। तत्पश्चात मंडल, सेक्टर, विभाग एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की बैठक लेंगे, तदोपरांत सम्पूर्ण संभाग भर से रैली में पधारे कांग्रेस कार्यकर्ताओं व जिले भर से पधारे किसानों व आमजन को संबोधित करेंगें।

# राजपूत समाज भवन में चल रही नौ दिवसीय भागवत कथा का मंगलवार को हुआ समापन

**पुष्पाजंली टुडे/ बेंगलुरू**



**बेंगलुरू।** राजपूत समाज भवन कर्नाटक राणापेट में चल रही भागवत कथा का समापन मंगलवार को हुआ। गीता एंव श्रीमद् भागवत महापुराण की संत रामप्रकाश महाराज के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रमण किया। विगत नौ दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के प्रेम, असीम प्रेत के अलावा, उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में नशा मुक्ति, अत्याचार, अनाचार, कटुता, को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन भागवत श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला, श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार,रूक्मणी विवाह शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगो को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एंव धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। संत रामप्रकाश महाराज ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम प्रेम से माध्यम से सम्भव है,वह हिंसा से संभव नही हो सकता है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मनोहरसिंह कुम्पावत पूर्व अध्यक्ष गाइडसिंह कुम्पावत, मदनसिंह चौहान, सोहनसिंह बालावत, सचिव रविंद्र सिंह पड़ियार, कोषाध्यक्ष मनोहरसिंह सोलंकी, खेतसिंह दया, गजेंद्र सिंह जेतावत, गणपतसिंह राठौड़, मगसिंह दया, गजेंद्र सिंह चौहान, फतेसिंह ,विक्रम सिंह, हड़मत सिंह बालावत, सुजानसिंह देवल, स्वसिंह महेंद्र सिंह देवड़ा एंव 36 कोम के गणमान्य उपस्थित रहे। भागवत कथा में दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया।

# अपने संसदीय लोकतंत्र की दुर्दशा

**मॉनसून सत्र:** 56 प्रतिशत विधेयकों को नाम मात्र के जांच के बाद दोनों सदनों द्वारा पारित कर दिया गया।

दीपांशु मोहन

मॉनसून सत्र के दौरान जिस तरह से कार्यवाही हुई उससे यह मालूम पड़ता है कि वर्तमान सरकार भारत पर दो शताब्दियों से अधिक समय तक शासन करने वाले औपनिवेशिक ब्रिटिश प्रशासन की तरह व्यवहार कर रही है। कानून, भाषा और ज्ञान के माध्यम से शक्ति को केंद्रीकृत किया जा रहा है। लोकतांत्रिक मूल्यों में गहरी गिरावट देखने को मिल रही है।

संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई 2023 से 11 अगस्त 2023 तक रहा। इसके बाद शुक्रवार 11 अगस्त को संसद के दोनों सदनों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया।पीआरएस विधायी अनुसंधान टीम जारी आंकड़ों के अनुसार, मानसून संसदीय सत्र में लोकसभा ने अपने निर्धारित समय का केवल 43% और राज्यसभा ने 55% कामकाज किया। 23 दिनों तक चले सत्र के दौरान कुल 17 बैठकें हुईं। इस सत्र के दौरान 23 विधेयक पारित किए गए, जिसमें 17वीं लोकसभा का पहला अविश्वास प्रस्ताव भी देखा गया।

सत्र में पेश किए गए और पारित किए गए विधेयकों के बीच, लगभग 56 प्रतिशत विधेयकों को नाम मात्र के जांच (बेहद कम समय में) के साथ दोनों सदनों द्वारा पारित कर दिया गया। इस सत्र में पेश किया गया एक विधेयक औसतन 8 दिनों के भीतर पारित हो गया।

PRS लेजिस्लेटिव के मुताबिक, "लोकसभा ने इस सत्र में 22 विधेयक पारित किए। इनमें से 20 विधेयकों पर पारित होने से पहले एक घंटे से भी कम समय तक चर्चा हुई। आईआईएम (संशोधन) विधेयक, 2023 और अंतर-सेवा संगठन विधेयक 2023 सहित 9 विधेयक लोकसभा में 20 मिनट के भीतर पारित किए गए।

राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग



और राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग बनाने के विधेयकों पर लोकसभा में एक साथ तीन मिनट के भीतर चर्चा की गई और पारित किया गया। सीजीएसटी और आईजीएसटी संशोधन विधेयक लोकसभा में दो मिनट के भीतर एक साथ पारित हो गए।राज्यसभा ने तीन दिन के भीतर 10 विधेयक पारित किए। जब कुछ विपक्षी सदस्य उच्च सदन से बाहर चले गए, तो उनकी अनुपस्थिति में विधेयक पारित कर दिए गए। दिल्ली में एलजी की विवेकाधीन शक्तियों का विस्तार करने, लिथियम जैसे रणनीतिक खनिजों के खनन की अनुमति देने और व्यक्तिगत डेटा को विनियमित करने वाले विधेयक पेश होने के 7 दिनों के अंदर संसद द्वारा पारित किए गए थे। अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक, 2023 पेश होने के पांच दिनों के भीतर पारित किया गया।

## बिना किसी चर्चा के पारित कर दिए जाते हैं विधेयक

पिछले कुछ सालों से संसद में लगातार ड्रामा और अप्रासांगिक गतिविधी देखने को मिल रहा है। ये गतिविधियां भारतीय लोकतंत्र की असंबद्ध कार्यप्रणाली को परिभाषित करती हैं।

सदन के वक्ताओं के व्यवहार में विपक्षी पार्टी के सांसदों के खिलाफ पूर्वाग्रह और पक्षपात, गतिरोध, विरोध प्रदर्शन, वेल में नारेबाजी, सदस्यों के निलंबन और बार-बार स्थगन ये सभी संसदीय कार्यप्रणाली के एक असामान्य मानदंड का हिस्सा बन गए हैं।परिणाम स्वरूप सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के बीच बहस और चर्चाएं कम देखने को मिलती है, जिसका नतीज यह होता है कि बिना किसी चर्चा के ही कम से कम समय में कई विधेयक पारित कर दिए जाते हैं।

उदाहरण के लिए, 10 अगस्त को, राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने हंगामे के बीच, फार्मेसी (संशोधन) विधेयक को तीन मिनट के अंदर ध्वनिमत से पारित कर दिया।अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव आयुक्त विधेयक पर लिए गए फैसले को ही देख लेते हैं। सुप्रीम कोर्ट तब संविधान के अनुच्छेद 324(2) की जांच कर रहा था। इसमें कहा गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और ECs की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की समिति की सलाह के आधार पर राष्ट्रपति द्वारा की जानी चाहिए।

संवैधानिक वकील गौतम भाटिया ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की संवैधानिक और न्यायिक व्याख्या करते हुए कहा, सुप्रीम कोर्ट ने यह नहीं कहा कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को नियुक्ति समिति में होनी चाहिए, इससे यह विधेयक खराब नहीं हो जाता है।

*(शेष बॉलीवुड पेज पर)*

# समाचार विश्लेषण : रोमियो-जूलिएट कानून विवाद क्या है?

इस याचिका पर सरकार की प्रतिक्रिया बलात्कार से जुड़े कानून की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगी। उधर कोर्ट के निर्णय से यह तय होगा कि सामाजिक परिस्थितियों के मद्देनजर नाबालिगों की क्षमताओं को स्वीकार करते हुए कानून में फेरबदल होगा या नहीं।

भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिगों के बीच यौन संबंधों को अपराध ना मानने से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सरकार का रुख पूछा है। इसे आमतौर पर रोमियो और जूलिएट कानून कहा जाता है जो दुनिया के कई देशों में लागू है। इस याचिका में दावा किया गया है कि 18 साल से कम उम्र के लाखों लड़के-लड़कियां अपनी मर्जी से शारीरिक संबंध बनाते हैं, लेकिन कानूनी तौर पर यह अपराध है। यह बलात्कार की श्रेणी में आता है। कानून के अनुसार, कई मामलों में लड़का सजा का हकदार बनता है, लड़कियां गर्भवती हो जाती हैं और मां-बाप पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचते हैं। याचिका नाबालिगों के बीच यौन संबंधों के मामले में बलात्कार से जुड़े कानून को चुनौती देती है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने राष्ट्रीय महिला आयोग समेत कानून व न्याय मंत्रालय और गृह मंत्रालय को भी नोटिस जारी किया है। इस याचिका में दलील दी गई है कि किशोरों के पास इतनी क्षमता है कि वह जोखिम समझकर सही फैसला ले सकें। यह याचिका वकील हर्ष विभोर सिंघल ने दायर की है।

कई देशों में लागू रोमियो और जूलिएट कानून नाबालिगों के बीच संबंधों के मामले में सुरक्षा देता है, अगर इसमें दोनों के बीच सहमति हो और उम्र का अंतर बहुत बड़ा ना हो। सुप्रीम कोर्ट ने भारत के लिए इसी तरह के एक रोमियो-जूलिएट कानून की संभावनाएं तलाशते हुए सरकार की प्रतिक्रिया पूछी है जो किसी किशोर लड़के को गिरफ्तारी सुरक्षा देता है, अगर उसकी उम्र लड़की से चार साल से ज्यादा ना हो। फिलहाल भारत में बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए पॉक्सो यानी द प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंसेस ऐक्ट, 2012 लागू है। इसके तहत 18 साल से कम उम्र के बच्चों की सहमति कोई मायने नहीं रखती। उनके साथ किसी भी तरह का यौन व्यवहार, यौन अपराध के दायरे में ही आता है। साथ ही, सेक्शन 375 के अंतर्गत, 16 साल से कम उम्र की लड़की के साथ सहमति के साथ बनाया गया यौन संबंध भी बलात्कार है।

इस याचिका में मांग रखी गई है कि सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 32 या अनुच्छेद 142 में दिए गए अधिकार का इस्तेमाल करते हुए रिट या किसी और रूप में ऐसे निर्देश जारी करे जो 16 से 18 बरस के किशोरों के बीच स्वेच्छा से बने संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दे। याचिका कहती है कि इस उम्र के किशोर, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक तौर पर इतने सक्षम होते हैं कि जोखिम समझ सकें, सोच-समझ कर आजादी से फैसला ले सकें और यह समझ सकें कि वह अपने शरीर के साथ क्या करना चाहते हैं। इस याचिका पर सरकार की प्रतिक्रिया बलात्कार से जुड़े कानून की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगी। याचिका पर बेंच ने कहा, यह कानून का धुंधला हिस्सा है, एक शून्य, इसे दिशा-निर्देशों से भरने की जरूरत है कि कैसे 16 साल से ज्यादा और 18 से कम उम्र वालों के मामले में बलात्कार के कानून लागू होंगे, जिनके बीच सहमति है।

## जो सोचना मुश्किल था

मणिपुर में फिर पुष्टि हुई है कि वहां संवैधानिक व्यवस्था भंग हो चुकी है। अगर संवैधानिक पदों पर बैठे सभी लोग संविधान की भावना और प्रावधानों के मुताबिक नहीं, बल्कि अपने स्वविवेक से चलने लगेंगे, तो संवैधानिक व्यवस्था का तहस-नहस हो जाना तय है।

*देश में संवैधानिक प्रावधान किस तरह अप्रसांगिक होते जा रहे हैं, इसकी ताजा मिसाल मणिपुर में देखने को मिली है। संसद या विधानसभा का सत्र बुलाने के मंत्रिमंडल के अनुरोध की राष्ट्रपति या राज्यपाल अनदेखी कर दें, ऐसी कोई व्यवस्था भारतीय संविधान में नहीं है। अगर कोई भ्रम था भी, तो उसे सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 2016 में स्पष्ट कर दिया, उसने व्यवस्था दी कि ऐसे अनुरोध को मानने के लिए राज्यपाल बाध्य हैं। लेकिन मणिपुर की राज्यपाल अनसुइया उइके ने इस प्रावधान का खुला उल्लंघन कर दिया है। मणिपुर की सरकार ने पहले 27 जुलाई और फिर चार अगस्त को राज्यपाल को 21 अगस्त को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का परामर्श भेजा। यह तारीख सोमवार को निकल गई, जबकि सत्र नहीं हुआ। स्पष्टतः राज्यपाल ने या तो अपने विवेक से या फिर केंद्र के निर्देश पर सत्र ना बुलाने का फैसला किया। मगर मुद्दा यह है कि ऐसा करने का कोई अधिकार उनके पास नहीं है। अगर संवैधानिक पदों पर बैठे सभी लोग संविधान की भावना और प्रावधानों के मुताबिक नहीं, बल्कि अपने स्वविवेक से चलने लगेंगे, तो संवैधानिक व्यवस्था का तहस-नहस हो जाना तय है।*

*अब देखना है कि अगले दो सितंबर तक सत्र बुलाने की एक अन्य संवैधानिक अनिवार्यता का पालन किया जाता है या नहीं। विधानसवा का पिछला सत्र मार्च में स्थगित हुआ था। संविधान के मुताबिक संसद या विधानसभाओं का साल में कम से कम दो सत्र होना अनिवार्य है, और दो सत्रों के बीच छह महीने से अधिक का अंतर नहीं हो सकता। अगर दो सितंबर तक भी विधानसभा की बैठक नहीं हुई, तो इससे संविधान के अनुच्छेद 174 में वर्णित इस प्रावधान का खुला उल्लंघन होगा। वैसे ताजा घटना ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है कि मणिपुर में संवैधानिक व्यवस्था भंग हो चुकी है। ऐसे में राष्ट्रपति शासन लागू करना ही एकमात्र विकल्प होता है।*

अपनी बात

संपादकीय

## सहमतियों का बिखराव

भारत जैसे बहुलतापूर्ण और विशाल देश को केंद्र से आदेश के जरिए चलाने की सोच विभिन्नता में एकता की तलाश को कमजोर कर रही है। अगर हर क्षेत्र, समुदाय और वर्ग के लोगों देश की परिकल्पना विभाजित होने लगे, तो यह भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं होगा।

*किसी राष्ट्र में लोकतंत्र आम सहमति से चलता है। शिक्षा अगर देश के अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों अलग ज्ञान और विश्व दृष्टि देने लगे, तो एक दीर्घकालिक टकराव की जमीन तैयार होने लगती है। अपने देश में फिलहाल ऐसा ही होता दिख रहा है। ताजा मिसाल कर्नाटक सरकार का नई शिक्षा नीति से खुद को अलग कर अपने राज्य के लिए अलग पाठ्यक्रम तैयार करने का फैसला है। ऐसा निर्णय पहले केरल और तमिलनाडु की सरकारें भी ले चुकी हैं। हाल में एनसीईआरटी ने जिन पाठ और अध्यायों को पाठ्यक्रम हटाया, केरल की सरकार ने उन्हें वापस अपने राज्य के स्कूलों में शामिल कर लिया है। उधर तमिलनाडु में नई शिक्षा नीति के साथ-साथ मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए होने वाले नेशनल इलिजिबिलिटी एंड एंट्रेंस टेस्ट के खिलाफ वहां की सरकार के साथ-साथ राजनीतिक दलों ने अभी अपने अभियान को अब आंदोलन में बदल दिया है। इसके अलावा भाषा का प्रश्न भी दक्षिणी राज्यों में फिर से सियासी मुद्दा बनता दिख रहा है। हाल में दंड संहिताओं को बदलने के लिए पेश विधेयकों को लेकर यह सवाल और गरमाया है।*

*सार यह है कि भारत में अनेक महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर आम सहमति बिखर रही है। भारत जैसे बहुलतापूर्ण और विशाल देश को केंद्र से आदेश के जरिए चलाने की सोच विभिन्नता में एकता की तलाश को कमजोर कर रही है। अगर हर क्षेत्र, समुदाय और वर्ग के लोगों देश की परिकल्पना विभाजित होने लगे, तो भविष्य के लिए उसे एक खतरनाक संकेत ही माना जाएगा। अगर ऐसी सोच लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान सुझाने में नाकाम हो, तो फिर जोखिम और बढ़ जाता है। यह बात भी ध्यान में रखने की है कि ऐसी समस्याओं का समाधान एकतरफा ढंग से या अपनी सोच थोपते हुए नहीं निकाला जा सकता। संवाद के जरिए सहमति की तलाश ही एकमात्र सही विकल्प है। अगर इस बात को समझा जाए, तो सहमतियों के बिखराव को अभी भी रोका जा सकता है।*



अशोक 'प्रवृद्ध'

**उन्होंने भगवान विश्वनाथ और माता अन्नपूर्णा को श्रीरामचरितमानस सुनाया। रात को पुस्तक विश्वनाथ-मन्दिर में रख दी गई। प्रात:काल जब मन्दिर के पट खोले गये तो पुस्तक पर सत्यं शिवं सुन्दरम् लिखा हुआ पाया गया, जिसके नीचे भगवान शंकर की सही (पुष्टि) थी। उस समय वहाँ उपस्थित लोगों ने सत्यं शिवं सुन्दरम् की आवाज भी कानों से सुनी। तुलसीदास रचित राम चरितमानस का वेद विरूद्ध कई बात उसमे समाहित होने के कारण काशी के पंडितों के साथ ही अन्य कई वर्गों ने भारी विरोध किया।**

# श्रीराम भक्त गोस्वामी तुलसीदास

हिन्दी साहित्याकाश के परम नक्षत्र, भक्तिकाल की सगुण धारा की रामभक्ति शाखा के प्रतिनिधि कवि गोस्वामी तुलसीदास (1511 - 1623) एक साथ कवि, भक्त तथा समाज सुधारक तीनों रूपों में मान्य है। आदिकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि का अवतार माने जाने वाले तुलसीदास ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को समर्पित ग्रन्थ श्रीरामचरितमानस की रचना की, जिसे वाल्मीकि रामायण का प्रकारान्तर से अवधी भाषान्तर माना जाता है। भविष्योत्तर पुराण में भगवान शिव ने अपनी पत्नी पार्वती से कहा है कि वाल्मिकी का अवतार फिर से कलयुग में तुलसीदास के रूप में होगा। अपने126 वर्ष के दीर्घ जीवन-काल में तुलसीदास ने कालक्रमानुसार रामललानहछू, वैराग्यसंदीपनी, रामाज्ञाप्रश्न, जानकी-मंगल, रामचरितमानस, सतसई, पार्वती-मंगल, गीतावली, विनय-पत्रिका, कृष्ण-गीतावली, बरवै रामायण, दोहावली और कवितावली आदि कालजयी ग्रन्थों की रचनाएँ कीं। तुलसीदास की हस्तलिपि कैलीग्राफी के ज्ञाता के समान अत्यधिक सुन्दर थी। उनके जन्मस्थान राजापुर के एक मन्दिर में श्रीराम चरितमानस के अयोध्याकाण्ड की एक प्रति सुरक्षित रखी हुई है। समस्त उत्तर भारत में बड़े भक्ति- भाव से पढ़ी जाने वाली महाकाव्य श्रीरामचरितमानस को विश्व के एक सो सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय काव्यों में 46 वाँ स्थान दिया गया। उन्हें सम्मान में गोस्वामी, अभिनववाल्मीकि, इत्यादि उपाधि प्राप्त है।

पारम्परिक जानकारी के अनुसार तुलसीदास का जन्म उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिला के अंतर्गत राजपुर नामक गाँव में पं० आत्माराम शुक्ल एवं हुलसी दम्पति के घर में विक्रम संवत 1568 तदनुसार 1511 ईस्वी के श्रावण मास के शुक्लपक्ष की सप्तमी तिथि के दिन अभुक्त मूल नक्षत्र में हुआ था। फिर भी तुलसीदास के जन्म स्थान और जन्म दिवस, दोनों ही के सम्बन्ध में विद्वानों में मतभेद है। कईयों का विचार है कि इनका जन्म विक्रम संवत के अनुसार वर्ष 1554 में हुआ था, लेकिन कुछ अन्य का मानना है कि तुलसीदास का जन्म वर्ष 1532 में हुआ था। उन्होंने 126 साल तक अपना जीवन बिताया। इनका जन्म स्थान विवादित है। कुछ विद्वान मानते हैं कि इनका जन्म सोरों शूकरक्षेत्र, वर्तमान में कासगंज (एटा) उत्तर प्रदेश में हुआ था, लेकिन अन्य कुछ विद्वान इनका जन्म राजापुर जिला बाँदा (वर्तमान में चित्रकूट) में हुआ मानते हैं। जबकि अधिकांश विद्वान तुलसीदास का जन्म स्थान राजापुर को मानने के पक्ष में हैं। कहा जाता है कि गर्भवती माता हुलसी के गर्भ अर्थात कोख में शिशु के बारह महीने तक रहने के कारण शिशु अत्यधिक हृष्ट पुष्ट था और उसके मुख में दाँत दिखायी दे रहे थे। जन्म लेने के साथ ही उसने राम नाम का उच्चारण किया। जिसके कारण उसका नाम रामबोला पड़ गया।

इस बात का उल्लेख उन्होंने विनयपत्रिका में भी किया है। उनके जन्म के दूसरे ही दिन उनकी माता हुलसी का निधन हो गया। इस पर पिता ने किसी और अनिष्ट से बचने के लिए बालक को चुनियाँ नाम की एक दासी को सौंप दिया और स्वयं विरक्त हो गये। इनके जन्म के कुछ दिन बाद इनके पिता की मृत्यु हो गयी थी। कही -कहीं चौथे दिन ही पिता की मृत्यु भी हो जाने की बात लिखी मिलती है, लेकिन संसार से विरक्त हो जाने की बात भी आई है। अपने माता- पिता के निधन के बाद अपने एकाकीपन के दुख को तुलसीदास ने कवितावली और विनयपत्रिका में भी वर्णन किया है। रामबोला के साढे पाँच वर्ष का होने पर दासी चुनियाँ भी नहीं रही। रामबोला गली-गली भटकता हुआ अनाथों की तरह जीवन व्यतीत करने को विवश हो गया। ऐसी मान्यता है कि देवी पार्वती ने



23 अगस्त: गोस्वामी तुलसीदास जयंती

एक ब्राह्मण का रुप लेकर रामबोला की परवरिश की और भगवान शंकर की प्रेरणा से रामशैल पर रहनेवाले श्री अनन्तानन्द के प्रिय शिष्य श्रीनरहर्यानन्द जी अर्थात नरहरि बाबा ने इस बालक रामबोला को ढूँढ निकाला और विधिवत उसका नाम तुलसीराम रखा।

बाबा नरहरि ने अयोध्या में तुलसीराम का विक्रम संवत 1561 माघ शुक्ला पंचमी दिन शुक्रवार को यज्ञोपवीत-संस्कार सम्पन्न कराया। संस्कार के समय भी बिना सिखाये ही बालक रामबोला ने गायत्री-मन्त्र का स्पष्ट उच्चारण किया, जिसे सुन व देखकर सभी चकित हो गये। इसके बाद नरहरि बाबा ने रामबोला को वैष्णवों के पाँच संस्कार करके बालक को राम-मन्त्र की दीक्षा दी और अयोध्या में ही रहकर उसे विद्याध्ययन कराया। बड़ी प्रखर बुद्धि वाले बालक रामबोला गुरु मुख से एक बार जो सुन लेते थे, उसे वह कंठस्थ कर लेते थे। कुछ काल के बाद गुरु-शिष्य दोनों शूकरक्षेत्र (सोरों) पहुँचे। वहाँ नरहरि बाबा ने बालक रामबोला को रामकथा सुनाई, परन्तु वह उसे भली -भाँति समझ न आयी। उनतीस वर्ष की आयु में विक्रम संवत 1583 को ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी दिन गुरुवार को राजपुर से थोड़ी दूर अवस्थित यमुना पार की एक गाँव की दीनबन्धु पाठक की अतिसुन्दरी पुत्री भारद्वाज गोत्र की कन्या रत्नावली के साथ उनका विवाह सम्पन्न हुआ । गौना का विधान न होने के कारण उनकी पत्नी रत्नावली के अपने मायके में ही रहने के कारण वे काशी जाकर शेष सनातन के साथ रहकर वेद-वेदांग के अध्ययन में जुट गये। लेकिन अचानक एक दिन उन्हें अपनी पत्नी की याद आई और वे वियोग में व्याकुल होने लगे। जब उनसे पत्नी बिन नहीं रहा गया तो वे गुरूजी से आज्ञा लेकर वे अपनी जन्मभूमि राजापुर लौट आये। लेकिन गौना नहीं होने के कारण पत्नी रत्नावली मायके में ही थी।

इसलिए तुलसीराम ने भयंकर अँधेरी रात में उफनती यमुना नदी तैर पारकर सीधे अपनी पत्नी के शयनकक्ष में जा पहुँचे। रत्नावली भयंकर रात्रिकाल में अपने पति को अकेले आया देख कर आश्चर्यचकित हो गयी, और उसने लोक-लाज के भय से उन्हें चुपचाप वापस जाने को कहा। तुलसी पत्नी को उसी समय घर चलने का आग्रह करने लगे। उनकी इस अप्रत्याशित जिद् से खीझकर उलाहना वश रत्नावली ने स्वरचित एक दोहे के माध्यम से उन्हें शिक्षा दी, जिससे सुन और उसका आशय समझ तुलसीराम तुलसीदास बन गये। कहा जाता है कि पत्नी को वहीं उसके पिता के घर छोड़ वापस अपने गाँव राजापुर लौट गये। राजापुर में अपने घर जाकर जब उन्हें यह पता चला कि उनकी अनुपस्थिति में उनके पिता भी नहीं रहे और पूरा घर नष्ट हो चुका है, तो उन्हें और भी अधिक कष्ट हुआ। उन्होंने विधि-विधान पूर्वक अपने पिता जी का श्राद्ध किया और गाँव में ही रहकर लोगों को भगवान राम की कथा सुनाने लगे।

कुछ विद्वानों के अनुसार विवाह के कुछ वर्ष पश्चात रामबोला को तारक नाम के पुत्र की प्राप्ति हुई, जिसकी मृत्यु बचपन में ही हो गई। उनके अनुसार एक बार जब तुलसीदास हनुमान मंदिर गये हुए थे, उनकी पत्नी अपने पिता के घर चली गई। जब वे अपने घर लौटे और अपनी पत्नी रत्नावली को नहीं देखा तो अपनी पत्नी से मिलने के लिये यमुना नदी को पार कर गये। रत्नावली के दुखित होने और उलाहना देने की शेष कथा ऊपर की भांति ही है। अन्य कुछ लेखकों का यह भी मानना है कि वह अविवाहित और जन्म से साधु थे।

पत्नी के परित्याग के पश्चात कुछ दिन अपने गाँव राजपुर में रामकथा प्रवचन के बाद वे पुनः काशी चले गये और वहाँ की जनता को रामकथा सुनाने लगे। कथा के दौरान उन्हें एक दिन मनुष्य के वेष में एक प्रेत मिला, जिसने उन्हें हनुमान का पता बतलाया। हनुमान से मिलकर तुलसीदास ने उनसे श्रीराम का दर्शन कराने की प्रार्थना की। हनुमान ने उन्हें कहा कि चित्रकूट में रघुनाथजी के दर्शन होंगें। इस पर तुलसीदास जी चित्रकूट की ओर चल पड़े। चित्रकूट पहुँच कर उन्होंने रामघाट पर अपना आसन जमाया। एक दिन कदमगिरि पर्वत की प्रदक्षिणा करते समय अचानक मार्ग में उन्हें श्रीराम के दर्शन हुए। उन्होंने देखा कि दो बड़े ही सुन्दर राजकुमार घोड़ों पर सवार होकर धनुष-बाण लिये जा रहे हैं।

तुलसीदास उन्हें देखकर आकर्षित तो हुए, परन्तु उन्हें पहचान न सके। तभी पीछे से हनुमान ने आकर जब उन्हें सारा भेद बताया तो वे पश्चाताप करने लगे।

## ऐतिहासिक रहा पारंपरिक चिकित्सा का पहला महाकुंभ : सर्बानंद सोनोवाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्रालय और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने दुनिया के पहले वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन को श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए कहा कि उन्हीं के प्रयासों से पहले गुजरात के जामनगर में ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन स्थापित हुआ और अब गांधीनगर में पारंपरिक चिकित्सा का पहला वैश्विक शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ।



पारंपरिक चिकित्सा का पहला वैश्विक शिखर सम्मेलन 17-18 अगस्त को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित किया गया था, जिसमें दुनिया के 78 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन और आयुष मंत्रालय की मेजबानी में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में देश-विदेश से आए वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पारंपरिक चिकित्सा के हर पहलुओं पर चर्चा की और इसकी संभावनाओं और समस्याओं पर विचार विमर्श किया।

इस शिखर सम्मेलन की उपलब्धियों के बारे में केंद्रीय आयुष मंत्री सोनोवाल ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा के पहले वैश्विक शिखर सम्मेलन से पारंपरिक चिकित्सा को पूरी दुनिया में एक नई पहचान मिली और इसकी सहायता से हमें एक स्वस्थ समाज के निर्माण में मदद मिलेगी।

## भारतीय जहाज सुनयना दक्षिण अफ्रीका के डरबन बंदरगाह पहुंचा, होगी पेशेवर बातचीत

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस सुनयना दक्षिण अफ्रीका के डरबन बंदरगाह में पहुंच गया है। दक्षिण अफ्रीकी नौसेना के जहाज एसएएस किंग सेखुखुने ने डरबन में भारतीय जहाज का स्वागत किया। समुद्र में खुशियों के आदान-प्रदान के बाद जहाज को डरबन बंदरगाह में प्रवेश कराया गया।



जहाज का स्वागत नेवल बेस डरबन के कार्यवाहक फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग कमांडर केनेथ सिंह और एचसीआई प्रिटोरिया के अधिकारियों ने किया। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 30 साल की राजनयिक साझेदारी का जश्न मनाने के अलावा इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय और दक्षिण अफ्रीकी नौसेनाओं के बीच अंतर संचालनीय, संयुक्तता और आपसी सहयोग को बढ़ाना है।

पोर्ट कॉल के दौरान दोनों नौसेनाएं पेशेवर बातचीत, विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान और क्रॉस डेक यात्राओं के माध्यम से सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों को साझा करेंगी। इसके अलावा वरिष्ठ सैन्य और नागरिक गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ सामाजिक बातचीत की भी योजना बनाई गई है।

## क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर चुनाव आयोग के राष्ट्रीय आइकन, मतदाताओं को करेंगे जागरूक



**नई दिल्ली।** महान क्रिकेट खिलाड़ी भारत रत्न सचिन तेंदुलकर मतदाता जागरुकता और शिक्षा के लिए चुनाव आयोग के राष्ट्रीय आइकन बनाए गए हैं। बुधवार को आयोग और उनके बीच तीन साल के लिए दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में करार होने जा रहा है। आयोग के अनुसार दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनूप चन्द्र पांडेय और अरुण गोयल उपस्थित रहेंगे। चुनाव आयोग का उन्हें आइकन बनाने का उद्देश्य आने वाले और विशेषकर 2024 के आम चुनाव में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पंकज त्रिपाठी, अमीर खान, मैरी कॉम और एमएस धोनी ईसीआई के राष्ट्रीय आइकन रह चुके हैं।

# महिलाएं दुखी और गरीब न रहे, इसलिए लाड़ली बहना योजना लागू की





पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दमोह के तहसील ग्राउंड पर आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सम्मेलन और मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण कार्यक्रम में कहा कि महिलाएं दुखी और गरीब न रहे, इसलिए मध्यप्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू की है। योजना के तहत जो राशि लाड़ली बहनो के खाते में दी जा रही है, वो सिर्फ पैसा नहीं बल्कि उनका सम्मान है। चौहान ने इस अवसर पर दमोह जिले के विकास के लिए 1600.09 करोड़ रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन, शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग एवं जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, म.प्र. वेयर हाउसिग लॉजिस्टक एवं कार्पोरेशन अध्यक्ष राहुल सिंह लोधी, विधायक हटा पीएल तंतुवाय, जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पूर्व मंत्री जयंत मलैया, डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी, पूर्व विधायक लखन पटेल, विजय सिंह राजपूत, श्रीमति उमादेवी खटीक, श्रीमति सोनाबाई अहिरवार तथा प्रीतम सिंह लोधी, सतानंद गौतम, चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, महंत हरि प्रसन्न दास, सतीश तिवारी, गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि महिलाओं का हित सर्वोपरि है। हम सरकार नहीं परिवार चलाते हैं, इसी बात को दृष्टिगत रखते हुये मध्यप्रदेश सरकार ने महिलाओं के सम्मान और आत्मविश्वास को बड़ाने के लिए लाड़ली बहना योजना लागू की है। उन्होंने लाड़ली बहनों से कहा कि मध्यप्रदेश सरकार अभी एक हजार रूपये प्रतिमाह उनके बैंक खातों में डाल रही है, पैसों को इंतजाम होने पर इस राशि को बड़ाकर तीन हजार तक ले जाया जायेगा। उन्होंने कहा कि योजना के संबंध में राखी के पहले 27 अगस्त को दोपहर 01 बजे वे लाड़ली बहनो से टीव्ही के माध्यम से अपनी बात रखेंगे। सभी लाड़ली बहने इस प्रसारण को अवश्य सुने। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान ही चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के उतरने का सीधा प्रसारण हुआ। मुख्यमंत्री के आव्हान पर सम्मेलन में मौजूद हजारों लाड़ली बहनो और नागरिको ने भारत को मिली इस ऐतिहासिक सफलता का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत ने विश्व में अपनी सफलता के झण्डे गाड़ दिये हैं, इसलिए एक मिनिट तक तालियां बजती रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री के आव्हान पर लाड़ली बहनों, छात्र-छात्राओं और अन्य नागरिको ने



करतल ध्वनि से चंद्रयान-3 की सफलता का स्वागत कर भारत माता की जय का उद्घोष किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। आज बड़ते हुये भारत को पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री की पहल पर अब हर घर में टोटी लगाकर पानी पहुँचाया जा रहा है। महिलाओं को अब हेण्डपंप का पानी नहीं पीना पड़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे खूब पड़े और आगे बड़े। अभिभावको से भी कहा कि वे अपने बच्चों की पड़ाई पर विशेष ध्यान दे। मध्यप्रदेश सरकार ने हर वर्ग के बेटे-बेटियों की पड़ाई की चिंता की है। जहां उन्हें साईकिल, गणवेश दिये जा रहे हैं, वहीं मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप और स्कूटी दी जा रही है। शिक्षा के स्तर को बड़ाने के लिये सीएम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं, जो प्राईवेट स्कूल से अच्छे होंगे। गरीब वर्ग के विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश लेने पर उनकी फीस मध्यप्रदेश सरकार भर रही है। चौहान ने बच्चो से वायदा लिया कि वे अच्छे से पड़ेंगे। चौहान ने घोषणा की कि दमोह में जल्द मेडिकल कॉलेज बनेगा। उन्होंने बताया कि जहां प्रधानमंत्री ने किसानो को वर्ष में छ- हजार रूपये देने की पहल की हैं, वहीं मध्यप्रदेश सरकर ने भी किसानो को दी जाने वाली राशि चार हजार रूपये को बड़ाकर छ- हजार रूपये कर दिया है। अब सरकार बुजुर्गो को रेल से ही नहीं बल्कि हवाई जहाज से भी तीर्थ दर्शन करा रही है। पूर्ववर्ती सरकार ने तीर्थ दर्शन, लेपटॉप वितरण तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को बंद कर दिया था, जिसे पुन- शुरू किया गया है। सम्मेलन में चौहान ने चार मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिकात्मक रूप से स्कूटी और एक छात्रा को लेपटॉप प्रदान किये। जिले के 161 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी दी जायेगी। उन्होंने एक मेधावी छात्रा अमीषा कुर्मी को स्कूटी की चाबी सौपी तथा स्कूटर में बैठकर स्वयं भी उसके साथ फोटो खिचवाई। इसी तरह गौरी चौरसिया को ऐक्टिवा की चाबी सौपी। मुख्यमंत्री को लाड़ली बहनो द्वारा एक बड़ी राखी भेट की गई। जनप्रतिनिधियों की ओर से एक बड़ी माला से मुख्यमंत्री का स्वागत हुआ। लाड़ली बहनों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल ने दमोह संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री श्री चौहान का स्वागत किया। पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ऐसे राजनेता है, जिन्होंने पद पर आसीन होने के पूर्व जो अभियान शुरू किए थे, उन्हें सरकार में आने के बाद शासकीय योजनाओं के माध्यम से क्रियान्वित करवाया। पटेल ने चौहान को संवेदनशील मुख्यमंत्री बताते हुये कहा कि उनका व्यक्तित्व दूसरों की तकलीफ ओर पीड़ा को समझने वाला है। प्रारंभ में मुख्यमंत्री चौहान और पटेल ने कन्या पूजन और दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। चौहान ने लाड़ली बहनो पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। लाड़ली बहनो ने भी उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

**विकास कार्यो का शिलान्यास, लोकार्पण**-मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना सम्मेलन में जिले के लिए 1600.9 करोड़ की लागत से विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इनमें जल संसाधन विभाग के सतधरू मध्यम सिचाई परियोजना लागत 315.65 करोड़, सीता नगर सिचाई परियोजना 518.09 करोड़, चकेरी घाट स्टॉपडेम कम काजवे लागत 11.61 करोड़ रूपये तथा लोक निर्माण विभाग (भवन) द्वारा बनाये गये संयुक्त तहसील कार्यालय भवन (नगरीय तहसील दमयंती नगर में भवन) लागत 4.92 करोड़ के कार्यो का लोकार्पण शामिल हैं। श्री चौहान ने म.प्र. जल निगम के बेबस सुनार-1 समूह जल प्रदाय योजना लागत 169.09 करोड़ तथा बेबस सुनार-2 समूह जल प्रदाय योजना लागत 580.73 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन भी किया।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दमोह रोड शो में आम लोगों का उमड़ा जन सैलाब

## मुख्यमंत्री चौहान की एक झलक पाने लोग हुए बेताब, लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का किया स्वागत, विभिन्न संगठनों ने दमोह रोड शो में मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन, लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री को बांधी राखी



पुष्पांजली टुडे

दमोह। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दमोह में रोड शो में शामिल हुए। उन्होंने तीन गुल्ली चौराहा, स्टेशन चौराहा, घंटाघर चौराहा, अस्पताल चौराहा, कीर्ति स्तम्भ चौराहा से तहसील प्रांगड़ तक डेढ़ किलो मीटर मार्ग मे जनदर्शन किया। जनदर्शन में मुख्यमंत्री से मिलने के लिए आम लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मुख्यमंत्री चौहान की एक झलक पाने के लिए महिला, पुरूष, बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी बेताब हो रहे थे। दमोह में लोगो द्वारा जगह-जगह रोड शो का स्वागत किया गया और मुख्यमंत्री तथा अन्य अतिथियों पर पुष्प वर्षा की गई। लोगों से मिले अपनेपन से मुख्यमंत्री चौहान अभिभूत हो गए। रोड शो के दौरान केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, अध्यक्ष म.प्र. वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन राहुल सिंह लोधी, जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी, हटा विधायक पी.एल. तंतुवाय, पूर्व मंत्री जयंत मलैया, एड प्रीतम सिंह लोधी, पूर्व विधायक लखन पटेल भी उनके साथ थे। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री चौहान को बहनों ने राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने जन दर्शन के दौरान मार्ग में महात्मा गाधी और डॉ अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर पहुँचकर श्रद्धासुमन अर्पित किये। रोड शो के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। दमोह में समस्त अहिरवार समाज, कुश्वाहा समाज, विश्वकर्मा समाज, कुर्मी समाज संगठन, भारतीय मजदूर संघ, किसान मोर्चा, जिला व्यापारी महासंघ, समस्त कचौरा फल एवं सब्जी विक्रेता संघ, अल्पसंख्यक मोर्चा आदि सामाजिक संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। विभिन्न कर्मचारी संगठन द्वारा रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री चौहान का स्वागत किया गया-इनमें मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संगठन, महाविद्यालयीन अतिथि विद्वान जिला इकाई, म.प्र. पंचायत सरपंच संघठन, ग्राम रोजगार सहायक संगठन, म.प्र. डे अजिविका मिशन के स्व-सहायता समूह, एकलव्य विश्वविद्यालय, ओजस्विनी कॉलेज के छात्र-छात्रा, स्कूटी और लेपटॉप योजना के लाभांवित छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया, नगर पालिका के विभिन्न वार्डो के पार्षदों, आदि शामिल रहे ।



## उत्तराखण्ड को अपनी कर्मभूमि बनाएं उद्यमी : मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में देश के उद्योग जगत से जुड़े उद्यमियों से संवाद कर उद्यमियों का उत्तराखण्ड को अपनी कर्मभूमि बनाने का आह्वान किया। हमारे उद्यमी राज्य के ब्रांड एम्बेसडर हैं। संवाद के दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखने के साथ राज्य में निवेश की भी सहमति जताई। नई दिल्ली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 निवेश को लेकर उद्यमियों के साथ संवाद कार्यक्रम यह बातें कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से देश की अर्थ व्यवस्था को यूएसडी 5 ट्रिलियन बनाये जाने का लक्ष्य रखा है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड राज्य द्वारा राज्य की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए सशक्त उत्तराखण्ड मिशन लॉन्च किया गया है, जिसके अन्तर्गत अगले 5 वर्षो में राज्य की




जीएसडीपी दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार इस लक्ष्य की प्राप्ति की कड़ी के रूप में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की निवेशक केन्द्रित नीतियां, बुनियादी ढांचे में निवेश, कुशल जनशक्ति की उपलब्धता और गुड गवर्नेंस के द्वारा राज्य में स्वस्थ निवेश के वातावरण की नींव रखी है। बेहतर योजना संरचना, प्रभावी नीति निर्धारण, नवाचारों का प्रोत्साहन एवं अन्तर्विभागीय समन्वय तथा विकास कार्यो के अनुश्रवण व मूल्यांकन के लिए नीति आयोग की तरह राज्य में सेतु (स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एम्पावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड) का गठन किया गया है।

## उत्तर प्रदेश विधान परिषद की एक रिक्त सीट के लिए उप-चुनाव 15 सितम्बर को




**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद में आकस्मिक रूप से रिक्त हुयी एक सीट के लिए उप-चुनाव 15 सितम्बर को कराने की मंगलवार को घोषणा की। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इस उप चुनाव के लिए अधिसूचना मंगलवार 29 अगस्त को जारी की जाएगी, नामांकन पत्र पांच सितम्बर तक भरे जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच छह सितम्बर को की जाएगी और नामांकन आठ सितम्बर तक वापस लिए जा सकेंगे। आयोग ने कहा है कि आवश्यक होने पर मतदान शुक्रवार 15 सितम्बर को सुबह नौ बजे से शाम को चार बजे के बीच कराया जाएगा और मतगणना उसी दिन शाम पांच बजे की जाएगी। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इस उप-चुनाव की प्रक्रिया 19 सितम्बर तक संपन्न करा दी जाएगी। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की यह सीट हरिद्वार दुबे के आकस्मिक निधन के कारण 26 जून 2023 से रिक्त है, दुबे का कार्यकाल 25 नवंबर 2026 को पूरा होना था।

## केंद्र ने 2,410 रुपये प्रति क्विंटल पर प्याज की खरीद शुरू की : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार ने निर्यात प्रतिबंधों के बीच किसानों की सुरक्षा के लिए महाराष्ट्र में 2,410 रुपये प्रति क्विंटल पर प्याज की खरीद शुरू की है।

गोयल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'एनसीसीएफ और नेफेड ने सोमवार को देश भर के उपभोक्ताओं के लिए 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज की बिक्री शुरू की थी आज इसे और बढ़ावा दिया जाएगा। उपभोक्ता और किसान दोनों हमारे लिए कीमती हैं। मैं किसानों से आग्रह करता हूं कि वे चिंता न करें और अपनी उपज अच्छी कीमत पर बेचें।' उन्होंने कहा, 'किसानों को चिंता करने की कोई बात नहीं है और उन्हें घबराहट में बिक्री नहीं करनी चाहिए। मैं एकनाथ शिंदे (महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री) और



देवेंद्र फड़नवीस (उपमुख्यमंत्री) दोनों के साथ लगातार बातचीत कर रहा हूं। अजीत पवार और मैंने कई बार बात की है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा, ÷ मैं महाराष्ट्र के कृषि मंत्री और कई अन्य राज्य मंत्रियों के संपर्क में हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र कीमतों को स्थिर रखने के लिए उपभोक्ताओं को 25 रुपये प्रति किलोग्राम पर प्याज उपलब्ध कराएगा।

गोयल ने कहा, हम उन क्षेत्रों में पहुंचेंगे, जहां प्याज की कीमतें बढ़ रही हैं और रियायती कीमतों पर प्याज उपलब्ध कराएंगे।

## जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें अधिकारी : योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और ध्यान से सुनें। साथ ही उनका त्वरित निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। सीएम ने कहा, जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। मंदिर परिसर के हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके



सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराएगी। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने पहले उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। न होने की दशा में उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को सीएम ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 4-0 से दर्ज की शानदार जीत

**डसेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने यहां चल रहे 4 देशों के टूर्नामेंट में इंग्लैंड पर 4-0 से जीत हासिल की। भारत के लिए राजिंदर सिंह (13%), अमीर अली (33%), अमनदीप लाकड़ा (41%), और अरजीत सिंह हुंदल (58%) ने गोल किया। मैच की शुरुआत बेहद धीमी रही और दोनों टीमों ने रक्षात्मक रूख अपनाया। हालांकि राजिंदर सिंह (13%) ने देर से मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले क्वार्टर की समाप्ति पर भारत 1-0 से आगे रहा। एक गोल से पिछड़ने के बाद, इंग्लैंड ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रूख अपनाया, लेकिन विष्णुकांत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और इंग्लैंड को गोल करने से रोक दिया। भारतीय टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे रही। दूसरे हाफ की शुरुआत में, आमिर अली (33%) ने फील्ड गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर के अंत में अमनदीप लाकड़ा (41%) ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और भारत की बढ़त 3-0 कर दी।




## श्रेयस पूरी तरह फिट घोषित, राहुल के जल्द ठीक होने की उम्मीदः अजीत अगरकर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया गया है, जबकि केएल राहुल को परेशानी है और उनके एशिया कप के दूसरे या तीसरे मैच तक ठीक होने की उम्मीद है। अगरकर ने यहां कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही और एशिया कप 2023 टीम की घोषणा की। अगरकर ने कहा, श्रेयस अय्यर को पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया गया है। यह बहुत अच्छी खबर है। केएल राहुल की तबीयत ठीक है। लेकिन हमें उम्मीद है कि वह एशिया कप के दूसरे या तीसरे मैच तक फिट हो जाएंगे। ये दोनों हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। एशिया कप और विश्व कप में भारत के लिए नंबर चार पर कौन खेलता है, इस बारे में रोहित ने हंसते हुए कहा, आपको ऐसे लोग मिल गए हैं जो नंबर चार पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। यह नंबर चार के बारे में नहीं है, बल्कि शीर्ष तीन के बारे में है, फिर वहां से आगे। यह सिर्फ एक स्थिति नहीं है जो हमें गेम और टूर्नामेंट जिता सकती है। यह बल्लेबाजी इकाई के रूप में एक साथ आने और काम पूरा करने के बारे में है। चुनौतियाँ रही हैं, लोगों पर दबाव डाला गया है। हमें कुछ चोटें लगी हैं, हमें अन्य खिलाड़ियों को उस स्थिति में देखने की कोशिश करनी होगी। कार्यभार प्रबंधन के कारण कुछ खिलाड़ी चूक गए। हमें यह प्रयास करना था कि कौन सा संयोजन हमारे अनुकूल है।



## दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर जोंटी रोड्स, गैरी कर्स्टन ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले पीएम मोदी का किया स्वागत

**केपटाउन।** 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की दक्षिण अफ्रीका यात्रा से पहले, दिग्गज प्रोटियाज क्रिकेटर गैरी कर्स्टन और जोंटी रोड्स ने देश में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए एक वीडियो संदेश जारी किया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति माटामेला सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर पीएम मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 22 से 24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग का दौरा करेंगे। रोड्स ने एक वीडियो संदेश में कहा, नमस्कार मोदी जी। ब्रिक्स सम्मेलन में आपका स्वागत है। हम दक्षिण अफ्रीकी होने के नाते जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य पर आपकी एक बड़ी भूमिका है और हम आपके इनपुट के लिए धन्यवाद करते हैं।



# विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे परमजीत, शकीना

**डबलिन/नई दिल्ली।** दुबई, 22 अगस्त (हि.स.)। मंगलवार से यहां शुरू होने वाली 2023 विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जब 20 सदस्यीय भारतीय टीम अपना अभियान शुरू करेगी तो फोकस शीर्ष सितारों परमजीत कुमार और शकीना खातून पर होगा। मेगा इवेंट के लिए अच्छी तैयारी के बाद, भारतीय एक शक्तिशाली प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

पुरुषों के 49 किग्रा वर्ग में 31 वर्षीय परमजीत इस खेल में विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं, जब उन्होंने 2021 में त्बिलिसी में कांस्य पदक जीता था। पिछले दो वर्षों में अधिक अनुभव के साथ, उनका लक्ष्य पदक के रंग को बदलना होगा। महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल और एशियाई पैरा खेलों की पदक विजेता शकीना खातून का लक्ष्य अक्टूबर में एशियाई पैरा खेलों के लिए तैयार होने और पेरिस 2024 पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है।

इस जोड़ी में अनुभवी सितारे फरमान बाशा (पुरुषों के 54 किग्रा तक), मनप्रीत कौर (महिलाओं के 41 किग्रा तक) और कुछ युवा नाम शामिल होंगे, जो इसे दुबई में प्रतिस्पर्धा करने वाली एक संतुलित टीम बनाएंगे।




इवेंट की पूर्व संध्या पर, परमजीत को इस बार दुबई में अपने पदक का रंग उन्नत करने का भरोसा था, जिससे उनका मानना है कि इससे उन्हें गति भी मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण, गांधीनगर में कई वर्षों से प्रशिक्षण ले रहे देश के शीर्ष पावरलिफ्टर ने कहा, मैं दुबई में पदक का रंग बदलना चाहता हूं। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने एक विज्ञप्ति में परमजीत के हवाले से कहा, ÷दुबई हमेशा मेरे लिए अच्छा रहा है। पिछले साल फ़ज़ा 2022 विश्व कप में, मैंने रजत पदक जीता था और मैं इस साल एक और रोमांचक चैंपियनशिप की प्रतीक्षा कर रहा हूँ,' अनुभवी पावरलिफ्टर का पुरुषों के 49 किलोग्राम तक वर्ग में टोक्यो 2020 पैरालंपिक के स्वर्ण और रजत पदक विजेता उमर क़ारादा और ले वैन कांग से मुकाबला होगा। उन्होंने कहा, मैं स्वर्ण पदक के लिए लड़ने के लिए तैयार हूं। वहीं, मनप्रीत के लिए उनका एकमात्र ध्यान पैरालंपिक पर है। मेरा लक्ष्य पेरिस 2024 पैरालिंपिक की तैयारी में अच्छा परिणाम प्राप्त करना और अपनी विश्व रैंकिंग में सुधार करना है। भारत के पावरलिफ्टिंग के मुख्य कोच जे.पी. सिंह को युवा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे हनी डब्बास और राहुल जोगराजिया सहित नवोदित भारोत्तोलकों को चुनने से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। उन्होंने कहा, 'दुबई हमारे एथलीटों के लिए सबसे अच्छे स्थलों में से एक रहा है और वे यहां प्रतिस्पर्धा करना पसंद करते हैं।

## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप : महिला 100 मीटर रेस की नई विश्व चैंपियन बनीं 'शा'कारी रिचर्डसन

**बुडापेस्ट।** संयुक्त राज्य अमेरिका की धाविका 'शा'कारी रिचर्डसन ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 100 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीता। रिचर्डसन ने जमैका की शेरिका जैक्सन को पीछे छोड़ते हुए 10.65 सेकंड के साथ स्वर्ण जीता, जबकि शेरिका ने 10.72 सेकंड के साथ रजत पदक जीता।

जमैका की शेली-एन फ्रेज़र-प्राइस, जो चोट से प्रभावित सीज़न के बाद 36 साल की उम्र में एक उल्लेखनीय छठे विश्व 100 मीटर खिताब की तलाश में थीं, को 10.77 सेकंड के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 23 वर्षीय रिचर्डसन कैनबिस के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद 2021 में टोक्यो ओलंपिक से चूक गई थीं और




फिर यूजीन में घरेलू धरती पर पिछले साल विश्व एथलेटिक्स के लिए क्वालीफाई करने में असफल रही थीं। बता दें कि टोरी बॉवी की 2017 में जीत के बाद रिचर्डसन महिलाओं की 100 मीटर की पहली अमेरिकी विजेता हैं। बॉवी इस वर्ष 32 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह चुकी हैं।

## हॉकी : गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज ने पुलिस कमिश्नरेट को हराया

**लखनऊ।** हॉकी लीग सीनियर मेंस चैंपियनशिप में तीन मैच खेले गये। इसमें गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज ने पुलिस कमिश्नरेट को 6-1 से हरा दिया। वहीं एसएसबी लखनऊ ने शांति फाउंडेशन को 5-0 से मात दी, जबकि साई ने एसएसबी को छह-एक से हराया।मो. शाहिद स्टेडियम विजयंत खंड में एसएसबी और साई के बीच मैच खेला गया। इसमें चार मिनट के बाद पांचवें मिनट में ही साई ने पहला गोल मारकर बढ़त बना ली। इसके बाद अभी एसएसबी प्रयास कर ही रहा था कि पुनः 15वें और 16वें मिनट में एक-एक गोलकर साई ने मनोवैज्ञानिक दबाव बना लिया। 30वें मिनट में एसएसबी की टीम एक गोल कर सकी। इसके बाद साई ने



पुनः 32वें, 38वें और 51वें मिनट में एक-एक गोल दागे और मैच को 6-1 से जीत लिया। वहीं शाम सवा चार बजे शुरू हुए गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज और पुलिस कमिश्नरेट के बीच मैच में गुरु गोविंद सिंह ने तीसरे और चौथे मिनट में एक-एक गोल कर मनौवैज्ञानिक दबाव बना दिये। इसके बाद 17वें मिनट, 26वें, 55वें, 60वें मिनट में गोल दागे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट मात्र 54वें मिनट में एक गोल कर सका। इस मैच में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज मैच को 6-1 से जीत गया। एसएसबी लखनऊ और शांति फाउंडेशन के बीच हुआ मैच एकतरफा रहा एसएसबी ने मैच को पांच-शून्य से जीत लिया।

## सीएट पुरस्कारों में गिल का जलवा, सूर्यकुमार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टी20, दीप्ति सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई

**मुंबई।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को यहां सीएट क्रिकेट रेटिंग पुरस्कारों के तहत मेन्स इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। गिल को इसके अलावा मेन्स इंटरनेशनल बैटर ऑफ द ईयर और वनडे बैटर ऑफ द ईयर भी चुना गया।

पुरस्कार से सम्मानित होने पर गिल ने कहा, 'मैं प्रतिष्ठित सीएट मेन्स इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एक क्रिकेटर के रूप में, यह हमेशा सीमाओं को पार करने, चुनौतियों का सामना करने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए लगातार सुधार करने के बारे में है। यह मान्यता उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के बीच समानता को मजबूत करती है और मुझे और अधिक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

महिला वर्ग में दीप्ति शर्मा ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता, जबकि शैफाली वर्मा को अंडर-19 महिला विश्व कप विजेता कप्तान के लिए सम्मानित किया गया।

सूर्यकुमार यादव को आईपीएल और टी20ई मैचों में उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए सीएट टी20 बैट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया, जबकि हमवतन भुवनेश्वर कुमार को




सीएट टी20 बॉलर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। 1983 विश्व कप विजेता मदन लाल और उनके पूर्ववर्ती कपिल देव को ओपनिंग बॉलिंग पार्टनर व करसन घावरी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। न्यूजीलैंड के टिम साउदी को सीईएट इंटरनेशनल बॉलर ऑफ द ईयर घोषित किया गया, उनके कप्तान केन विलियमसन को टेस्ट बैट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के एडम ज़म्पा को वनडे बॉलर ऑफ द ईयर चुना गया। श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट गेंदबाज घोषित किया गया। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए जलज सक्सेना को डोमेस्टिक क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।

## गौतमबुद्ध नगर के जोंटी को उत्तर प्रदेश केसरी का खिताब

**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश केसरी, उत्तर प्रदेश कुमार व उत्तर प्रदेश वीर अभिमन्यु खिताब के लिए फाइनल मुकाबले का अवलोकन किया। ताली बजाकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश केसरी का खिताब जीतने वाले गौतमबुद्ध नगर के जोंटी को 01.01 लाख रुपये व गदा, उप विजेता एनई रेलवे के वीरेश कुंडूको 51 हजार रुपये, उत्तर प्रदेश कुमार का खिताब जीतने वाले स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर के सौरभ यादव को 51 हजार रुपये व गदा, उप विजेता डीएलडब्ल्यू के बघेल यादव को 25 हजार, वीर अभिमन्यु खिताब जीतने वाले बड़हलगंज के आदित्य यादव को 51 हजार रुपये व गदा, उप विजेता गोरखपुर छात्रावास के विनीत को 25 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वॉलीबॉल खिलाड़ी युवराज प्रताप सिंह, कुश्ती के सौरभ यादव व टेनिस बाल के खिलाड़ी अमन राज को भी सम्मानित किया।



# रूसी ग्रैंडमास्टर गैरी कास्पारोव ने फिडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने पर प्रगनानंद को दी बधाई

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन और रूसी शतरंज ग्रैंडमास्टर गैरी कास्पारोव ने अजरबैजान के बाकू में फिडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रगनानंद को बधाई दी है। प्रगनानंद ने विश्व नंबर 3 फैबियानो कारूआना को हराकर फिडे विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। प्रगनानंद के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष हो गई, क्योंकि उनकी मां भी अपने बेटे की जीत देखने के लिए कार्यक्रम में मौजूद थीं।कास्परोव ने उनकी मां के समर्थन को एक विशेष प्रकार का समर्थन कहा और भारतीय ग्रैंड मास्टर को



उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। कास्परोव ने ट्वीट किया, प्रगनानंद को और उनकी मां को बधाई। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसकी गौरवान्वित मां जो उनके साथ हर कार्यक्रम में जाती थी, यह एक विशेष प्रकार का समर्थन है! चेन्नई इंडियन ने न्यूयॉर्क के दो काउबॉय को हराया! वह कठिन परिस्थितियों में बहुत दृढ़ रहे हैं। प्रगनानंद ने टाईब्रेक के बाद अमेरिकी खिलाड़ी को 3.5-2.5 से हराया। खिताबी मुकाबले में उनका मुकाबला वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन से होगा।इससे पहले, प्रगनानंद ने सडन डेथ टाईब्रेक में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। 17 वर्षीय प्रगनानंद ने पहले ही अगले साल के कैंडिडेट्स इवेंट में जगह पक्की कर ली है।

# वीरांगना नगरी झांसी के चार क्रिकेटर यूपी टी-20 लीग में दिखाएंगे हाथ

**झांसी।** वीरांगना नगरी के युवा विभिन्न क्षेत्रों में अपना लोहा मनवाने में जुटे हुए हैं। यूपी टी-20 लीग के पहले संस्करण में झांसी महानगर के चार प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को मेरठ व लखनऊ की टीम ने खरीदा है। नगरवासी 30 अगस्त से कानपुर में आईपीएल की तर्ज पर होने जा रही प्रदेश की टी-20 क्रिकेट लीग में बल्ले और गेंद के साथ उनका प्रदर्शन का सजीव प्रसारण टीवी पर देख सकते है। कुणाल, राजीव व अक्षय मेरठ और अंश को लखनऊ ने अपनी टीम में शामिल किया है। झांसी महानगर के रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी कुणाल यादव, राजीव चतुर्वेदी, अक्षय सेन और अंश यादव अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी के प्रदर्शन से आईपीएल में भी दस्तक दे सकते हैं। तेज गेंदबाज कुणाल ने इसी वर्ष 2023 में अपने रणजी ट्रॉफी के डेब्यू मैच में 05 विकेट लेकर सनसनी मचाई थी। कुणाल ने पहली बार 2017 में उत्तर प्रदेश की अंडर 19



टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कूच बिहार ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। उसके बाद वह उ.प्र. अंडर 23 व अंडर 25 टीम के भी अभिन्न सदस्य रह कर अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया है। जबकि अंश यादव अंडर 14 टीम से लेकर अंडर 16, 19 और इसी सत्र में अंडर 25 के प्री क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ शतक जड़कर अपने बल्ले की धमक दिखा चुके हैं। जूनियर क्रिकेट में अंश के बल्ले से कई शतक भी निकले हैं। वहीं राजीव चतुर्वेदी सत्र 2013-2014 में रेलवे की अंडर-19 और 2015 से लेकर 2017 तक उत्तर प्रदेश की अंदर 23 टीम में और 2018 में उत्तर प्रदेश की अंडर 23 टीम के सदस्य रहे हैं। अक्षय सेन ने 2013-14 व 2015 में उत्तर प्रदेश की ओर से अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी 2017 से 2019 तक अंडर 19 की बिहार ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था।

# इंस्टीट्यूशनल लीग के लिए एआईएफएफ को मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली, 21 अगस्त (हि.स.)। कुछ प्रसिद्ध संस्थागत टीमें, जो कभी भारतीय घरेलू फुटबॉल परिदृश्य पर हावी थीं और शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों की एक श्रृंखला तैयार करती थीं, ने एआईएफएफ इंस्टीट्यूशनल लीग में खेलने के लिए अपनी रुचि व्यक्त की है जो इस साल के अंत में शुरू होगी।

बड़े नामों में, जिन्हें एक बार फिर मैदान पर एक्शन में देखा जा सकता है, उनमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारतीय नौसेना, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), ईएसआईसी, चेन्नई सीमा शुल्क, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, दिल्ली आदि शामिल हैं।

बीएसएफ एक समय एक मजबूत टीम थी, जिसने अपने सुनहरे दिनों में सात बार डूरंड कप जीता और मंजीत सिंह, नरेंद्र गुरुंग और कई अन्य खिलाड़ियों को जन्म दिया। एफसीआई भी उतनी ही मजबूत थी, जिसकी लाइन-अप एक समय अतानु भट्टाचार्य, कृषाणु डे, बिकाश पांजी, विक्टर अमलराज, बाबू मणि और कई अन्य खिलाड़ियों से भरी हुई थी।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति




14 अप्रैल, 2023 को व्यापक चर्चा के बाद फुटबॉल में शौकिया संरचना को समान महत्व देने के निर्णय पर पहुंची थी। समिति ने महसूस किया कि इससे प्रतिस्पर्धी अवसरों का स्तर बढ़ेगा और इस स्तर पर खिलाड़ियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित होगी।इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए, कार्यकारी समिति ने वर्तमान सत्र से एक संस्थागत लीग शुरू करने का निर्णय लिया। लीग के विजेताओं को, जहां टीमों का फैसला बोली प्रक्रिया में किया जाएगा, राष्ट्रीय स्तर पर कप टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिल सकता है। समिति को विश्वास था कि इंस्टीट्यूशनल लीग की शुरूआत से विरासती संस्थागत टीमों को खोई विरासत प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

कार्यकारी समिति के फैसले को ध्यान में रखते हुए, एआईएफएफ ने इस नई पहल का हिस्सा बनने में रुचि रखने वाली संभावित संस्थागत टीमों के साथ बातचीत शुरू करने का फैसला किया है। एक खुली बातचीत के बाद, एआईएफएफ एक अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) दस्तावेज़ को अंतिम रूप देगा, जिसे सितंबर के पहले सप्ताह तक प्रकाशित किया जाना है। एआईएफएफ का इरादा अक्टूबर 2023 के मध्य तक टीमों के चयन को अंतिम रूप देने का है।देश भर में संस्थागत टीमों की योजना, संरचना और आकांक्षाओं को समझने के लिए, अगस्त के अंतिम सप्ताह में एक बैठक बुलाई जाएगी जहां संस्थानों को चर्चा करने और अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इंस्टीट्यूशनल लीग के चयन और संचालन के लिए शर्तों और तौर-तरीकों को अंतिम रूप देने के लिए फीडबैक/सुझावों और विचारों पर विचार किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 7800 मेधावी छात्रों को वितरित की स्कूटी

## सतना जिले के हायर सेकेंडरी स्कूल टॉपर्स को मिली 285 स्कूटियां

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को शहडोल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में कक्षा 12 वीं में प्रथम स्थान पाने वाले एक छात्र और एक छात्रा को एक-एक स्कूटी के मान से 7800 मेधावी छात्रों को स्कूटी वितरित की। सतना जिले के सभी हायर सेकेण्डरी स्कूलों के टॉपर छात्र-छात्राओं को 285 स्कूटी वितरित की गई है। स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालयों के जिला स्तरीय कार्यक्रम में देखा गया। सतना में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक एक सतना के सभाकक्ष और स्कूल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूलों की 12वीं की परीक्षा में स्कूल टॉपर एक छात्र और एक छात्रा के मान से 285 स्कूटी का वितरण सांसद श्री गणेश सिंह और महापौर योगेश ताम्रकार ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, कलेक्टर अनुराग वर्मा, सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाडे, जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित, प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव, कुमकुम भट्टाचार्य, शिक्षक गण, मेधावी छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हर वर्ग, हर क्षेत्र के व्यक्तियों के कल्याण और विकास की योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की हैं। उन्होंने समाज के हर वर्ग, हर व्यक्ति को साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। किसानों के हित में सबसे ज्यादा काम मध्यप्रदेश में हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बालिका के जन्म से लेकर जीवन पर्यन्त की योजनाएं बनाकर लागू की है। लाडली लक्ष्मी योजना से लेकर लाडली बहना योजना पूरे देश में महिला सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण और अकेला उदाहरण है। सांसद ने कहा कि सरकार की योजनाओं से समाज में आर्थिक समृद्धि के साथ वैचारिक परिवर्तन भी हुआ है। राज्य सरकार पहले मेधावी छात्रों को साइकिल प्रदान करती थी। अब मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और स्कूटी दी जा रही है। इन योजनाओं के दूरगामी, आशाजनक परिणाम मिलेगा। छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी और बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली और मेधावी छात्र निकालकर आएंगे। महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना जिले के विकास और प्रगति के नए-नए आयाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि सांसद श्री सिंह के प्रयासों से सतना में 300 करोड़ से बनने वाला रेलवे स्टेशन, मेडिकल कॉलेज, सतना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट सतना को महानगर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मेयर सेवा सतना ऐप की जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने कहा कि मेधावी छात्रों को स्कूटी वितरण, भारत के चंद्रयान का चंद्रमा में पहुंचना और रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अद्भुत संयोग से आज की तारीख हमेशा याद रखी जाएगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह ने भी मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा स्कूटी प्रदान करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित ने बताया कि मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूलों के विद्यालय में कक्षा 12वीं सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र और एक छात्रा को स्कूटी प्रदान की जा रही है। जिले में 18 वर्ष की आयु के 285 पात्र छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जा रही है। जिससे 3 बालिकाओं की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर स्कूटी की राशि उनके खाते में प्रदाय की गई है। छात्र-छात्राओं की पसंद पर मोटराइज्ड और ई-स्कूटी की राशि उनके खातों में क्रमशः 90 हजार और 1 लाख 20 हजार रुपए डाली गई थी। जिनमें 131 छात्रों ने ई-स्कूटी और शेष ने मोटराइज्ड स्कूटी का चयन किया है। स्कूटी प्राप्त करने वालों को हेलमेट एवं अन्य किट के अलावा ड्राइविंग लाइसेंस और परिवहन के नियम भी बताए गए हैं।




## हमें अपनी लड़ाई शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए लड़ना जरूरी है- विनय रतन सिंह

दैनिक पुष्पांजली टुडे



गोहद- नगर में नया बस स्टैंड अंबेडकर पार्क पर भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जहां मुख्य अतिथि विनय रतन सिंह का गोहद चौराहे से प्रवेश करते ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जगह जगह स्वागत किया गोलंबर तिराहे से पैदल चलते हुए नया बस स्टैंड अंबेडकर पार्क पहुंचे जहां सभा आयोजित हुई सभी वक्ताओं ने अपनी अपनी बात कही जिसमें वक्ताओं ने कहा कि आज यदि हम पर जुल्म अत्याचार होते हैं तो इसमें सबसे बड़ी कमी हमारी यह है कि हम शिक्षित नहीं होना चाहते बाबा साहब ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया है बाबा साहब ने बताया था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो इसको ग्रहण करेगा वह दहाड़ेगा इसलिए शिक्षा और स्वास्थ्य पर हम सभी को ध्यान देना होगा वहीं हम अपनी बहुमूल्य ताकत जो कि वोट के रूप में सभी को मिली है उसको हम लोग कहीं भी बिना सोचे समझे वोट दे देते हैं इस के कारण हमको गुलामी झेलनी पड़ती है जब भी आप वोट दें तो क्षेत्र में जो व्यक्ति घूम रहा है दीन दुखियों की मदद कर रहा है उसी व्यक्ति को चुनना अत्यंत आवश्यक है भीम आर्मी एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह ने कहा जिन लोगों ने गलत किया है उनको सजा मिलनी चाहिए साथ ही हमें शिक्षा स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना आवश्यक है वहीं मंच से अपील करते हुए कहा की जो लोग भी नशा करते हैं वह पूरी तरह से नशा बंद कर दें क्योंकि नशा नाश की जड़ है यदि कोई वृद्ध व्यक्ति है जो नशे की लत को नहीं छोड़ पा रहे हैं तो कृपया कर वह लोग घर में जाकर नशा करें और शांतिपूर्वक विश्राम करें सड़कों पर नशा करके ना घूमें।

## लहार में भाजपा के कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी के भाग लेने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाये : डॉ. गोविंद सिंह

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड
पुष्पांजली टुडे



भोपाल । विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली को पत्र लिखकर बताया कि विगत दिनों भिण्ड जिले के लहार विधानसभा क्षेत्र में बदलापुर (उ.प्र.) के भाजपा विधायक रमेशचन्द्र मिश्रा को भेजा गया है। सत्तापक्ष के इशारे पर भाजपा के कार्यकर्ताओं की बैठक लहार एस.डी. एम नवनीत शर्मा एवं एस.डी.ओ.पी. रविन्द्र बिलवाल सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लहार, विकासखण्ड अधिकारी जनपद पंचायत लहार तथा तहसीलदार लहार मौजूद थे, जिन्हें भाजपा के पक्ष में कार्य करने हेतु निर्देश दिए गए। जो कि चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। डॉ. सिंह ने कहा कि चूंकि प्रदेश में अघोषित चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है एवं सत्ताधारी दल भाजपा द्वारा 39 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी है । आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा सरकार द्वारा अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर प्रशासन पर दबाव बनाकर शासकीय मशीनरी को चुनाव कार्य में लगाकर लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई जा रही है।नेता प्रतिपक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि सत्तापक्ष के इशारे पर पूरा प्रशासन तंत्र भाजपा की कठपुतली बनकर कार्य कर रहा है। कार्यकर्ताओं की बैठक में भाजपा विधायक रमेशचन्द्र मिश्रा एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति के संबंध में समाचार पत्र की छायप्रति संलग्न हैं । डॉ. सिंह ने कहा कि लहार (भिण्ड ) में भाजपा कार्यकर्ता की बैठक में मौजूद लहार एस.डी.एम. नवनीत शर्मा एवं एस.डी.ओ.पी. रविन्द्र बिलवाल सहित अन्य उपस्थित अधिकारी / कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाए, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से संपन्न हो सके ।

## भीम आर्मी ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

दैनिक पुस्पांजली टुडे



**गोहद।** भीम आर्मी पदाधिकारियों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार रामनरेश शर्मा को ज्ञापन सोपा जिसमें मांगे रखी कि अनिल जाटव के साथ हुई घटना के आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रद्रोह एवं डायल हंड्रेड के आरक्षक सिपाही नवीन शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, कुंअर सिंह जाटव के हत्यारों के मकान पर बुलडोजर चलाकर एवं बन्दुक लाइसेंस निरस्त कराकर शेष अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करने एवं कुंअर सिंह जाटव के परिवार को सरकारी नौकरी एवं आत्म सुरक्षा के लिए शास्त्र लाइसेंस देने एवं सुरक्षा गार्ड पुलिस चौकी ग्राम बिलोनी बनाए जाने, बुद्ध बिहार पर हुई घटना में अपराधियों पर राष्ट्रद्रोह की कार्यबाही कर सभी अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किए जाने भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं आजाद समाज पार्टी कार्य कर्ताओं पर लगाए गए झूठे मुकदमो की निष्पक्ष जाँच कर खातमा लगाया जाने, कमल नागर आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष के ऊपर लगे एनएसए की निष्पक्ष जाँच कराई। जाने, भाजपा के शासन में एससी एसटी ओबीसी एवं माइनोरिटी के कर्मचारियों पर हो रहे अत्याचार की उच्च अधिकारी निष्पक्ष जाँच कर कार्यबाही करने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (सफाई कर्मियों) को स्थाई किए जाने एवं ईपीएफ दिलवाया जाने की मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार रामनरेश शर्मा को ज्ञापन सोपा

# धारा 107-116 व 151 के तहत की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का उल्लंघन करने वाले आरोपी को धारा 122 जा. फौ. के तहत भेजा गया जेल

## जिले की अब तक की पहली ऐसी कार्यवाही

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना




सतना -जिले के सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का उल्लंघन कर विवाद करने वाले आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी से मिली जानकारी के अनुसार बीते 5 माह में पूर्व थाना क्षेत्र के रेउहान ग्राम निवासी श्रीशरण द्विवेदी/पिता ओंकार द्विवेदी उम्र 48 वर्ष नामक आरोपी द्वारा बिरसिंहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉक्टर देवेश मिश्रा से विवाद किए जाने मामले पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था साथ ही आरोपी के विरुद्ध धारा 107 - 116 एवं 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर आरोपी को जेल भेजा गया था जिसे 6 महीने तक किसी प्रकार का लड़ाई झगड़ा वाद विवाद नहीं किए जाने कि शर्त पर बॉन्ड भरा कर तहसील न्यायालय से जमानत दी गई थी।

किंतु आरोपी कि आदत में कोई सुधार नही आया और बीते दिन 22.08.23 दिन मंगलवार को आरोपी द्वारा थाना क्षेत्र में स्थित सुतीक्षण आश्रम में पहुच कर उमेश यादव नामक व्यक्ति से गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की गई पीड़ति की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 323,294 एवं 506 के तहत मामला पंजीबद्ध किया जाने के उपरांत पूर्व में धारा 107 - 116 एवं 151 के तहत की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का उल्लंघन पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 122 जा. फौ. के तहत कार्यवाही करते हुए तहसील न्यायालय में ईस्तगासा पेश किया गया जहाँ से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी के विरुद्ध जेल वारंट जारी किए जाने के उपरांत आरोपी को जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी,उप निरीक्षक देवेन्द्र झारिया, प्रधान आरक्षक आशीष तिवारी, प्रिंस गर्ग एवं आरक्षक शहंशाह खान की सराहनीय भूमिका रही।

## नगर परिषद जैतवारा के उपाध्यक्ष बृजेश प्यासी ने किया सभा का आयोजन

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना





नगर परिषद जैतवारा में उपाध्यक्ष बृजेश प्यासी अपने 1 साल पूरे होने के उपलक्ष में मिलन समारोह का आयोजन किया गया मिलन समारोह में नगर परिषद जैतवारा के समस्त स्टाफ पार्षदगढ़ जन भागीदारी के अध्यक्ष अशोक बंसल पार्षद राम बहादुर पार्षद राजीव विश्वकर्मा पत्रकार अरुण गौतम पत्रकार राजेश तिवारी प्रमोद तिवारी पूनम तिवारी वार्ड नंबर 4 के पार्षद नीरज त्रिपाठी एडवोकेट राजेश पांडे सहित जैतवारा के गड़मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मौ नगर में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई और की आतिशबाजी

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़



आज हमारे भारत वर्ष ने विश्व पटल पर चंद्रयान 3 के सफल होने पर चंद्रमा पर सफल लैंडिंग होने पर सभी साथियों ने मिठाईयां और आतिशबाजी भारत माता के नारे लगा कर खुशहाली व्यक्त की इसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी डॉ दिनेश जैन जी पुष्पेंद्र यादव जी शिवम सोनी जी डिम्पल मिश्रा जी इरफान पठान रहीश खान सुमित अग्रवाल गोलू परिहार तुलसी यादव एवम समस्त नगर वाशियो ने मिलकर खुशहाली व्यक्त की है।

## ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्रों और प्रचार रथ के माध्यम से मतदाताओं का किया जा रहा जागरूक

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना



**सतना ।** जिले में विधानसभा स्तर पर ईव्हीएम प्रदर्शनों केन्द्रों तथा प्रचार रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को जिले की विधानसभा क्षेत्रों के ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्रों में 330 लोगों ने माकपोल किया गया। जिसमें सतना के संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में 83, रैगांव के तहसील कार्यालय कोठी में 25, तहसील मझगवां कार्यालय में 121, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय नागौद में 20, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय मैहर में 35, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय अमरपाटन में 32 एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय रामपुर बघेलान में 14 सहित कुल 330 लोगों ने माकपोल किया। इसी प्रकार प्रचार रथ के माध्यम से अब तक विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट के 168, रैगांव के 149, सतना के 232, नागौद के 166, मैहर के 246, अमरपाटन के 224 तथा रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के 182 मतदान केन्द्रों में प्रदर्शन कर मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया।

## अबैध मादक पदार्थ विक्रय के लिये कुख्यात आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय सतना श्री आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विक्रम सिंह कुशवाहा एवं महोदय मैहर श्री राजीव पाठक के मार्गदर्शन में थाना अमरपाटन द्वारा नशे के कारोबार से जुड़े लोगो पर नकेल कसने के अनुक्रम मे की गई कार्यवाही

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** आज 23.08.2023 को जरिये मोबाईल मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोरा की मुख्य रोड से पठरा छाई तरफ जाने वाले मार्ग मे ग्राम गोरा का मालाधारी नामक व्यक्ति एक सफेद रंग की बोरी मे अवैध मादक पदार्थ सूखा गांजा बिक्री हेतु खडा है जो सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराते हुये प्राप्त दिशा निर्देशानुसार पुलिस स्टाफ अमरपाटन द्वारा स्वतंत्र साक्षीगण, अनुसंधान किट लेकर तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुचे तो एक व्यक्ति हाथ मे सफेद रंग की बोरी लिये हुये खड़ा था जिसे घेराबंदी कर अभिरक्षा मे लिया जाकर पूछताछ किया गया जो अपना नाम चूडामणि उर्फ मालाधारी मिश्रा पिता रामसेवक मिश्रा उम्र-68 वर्ष निवासी ग्राम गोरा परमंदा टोला थाना अमरपाटन जिला सतना (म.प्र.) का होना बताया जो विधिक प्रावधानो का पालन करते हुये बोरी की तलासी ली गई जो बोरी के अंदर 3 किलो 800 ग्राम अबैध मादक पदार्थ गांजा जैसा कुल कीमती 18,000/ रुपये का मिला जिसे मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया । आरोपी उपरोक्त का कृत्य अपराध धारा 8/20 का पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है ।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478